हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 3 मई 2024

तापमान
अधिकतम 42.4 डिग्री
न्यूनतम 25.4 डिग्री

10 विजय बघेल ने निकाली वार्डों में जनसंपर्क रैली



11 भाजपा की सरकार में गरीब मजदूर महंगाई की मार से त्रस्त हैं: राकेश





महावीर
डेव्लपर्स & कंस्ट्रक्शन



2 बीएचके
3 बीएचके
भिलाई शहर के प्राईम लोकेशन पर
रो हाऊस उपलब्ध
ऑफिस : मनस कॉलेज के सामने कुरुद, भिलाई
8962925767, 7898523243
9806805510, 9098532856

## खबर संक्षेप

### सटोरिया गिरफ्तार

**भिलाई।** सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नेवई भाठा काजल चौक के पास सट्टा पर्ची लिख रहे आरोपी लोचन कुमार बंजारे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सटोरिये के पास से पुलिस ने 2650 रुपए नगद सट्टा पट्टी जब्त किया है।

### अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया

**भिलाई।** शराब का अवैध कारोबार कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।नेवई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर स्टेशन मरोदा संगम चौक निवासी संजय उर्फ बंटी निषाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक सीजी 07 सीपी 0469 में शराब लेकर जा रहा था। पुलिस ने चेक करने पर बाइक से 32 नग देशी प्लेन अवैध शराब जब्त कियाष जिसकी कीमत 2880 रुपए आंकी गई है।

### क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी करने वाले दो युवकों पर कार्रवाई किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि एमआईजी 37, पदमनाभपुर निवासी राजेश धींगरा ने शिकायत किया है कि आरोपी रायपुर निवासी मोह. मोनिश फारूकी,मोह. सोहेल खान के द्वारा क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी किया गया है। निवेश के नाम पर दोनो ने कर लाभ दिलाने के नाम पर 22 लाख रूपये की ठगी किया। वर्ष 2021 में उक्त रुपए की ठगी आरोपियों ने पीड़ित से किया है। जिसकी शिकायत एस पी को शिकायत की थी। पीड़ित दोनों आरोपियों से रुपए लौटाने की मांग करने पर लगातार उसे घूमाते रहे। परेशान होने के बाद आरोपियों की शिकायत पुलिस में की गई। यह रुपए कोरोना काल के दौरान आरोपियों ने लिया था। तालपुरी निवासी मनोज कुमार ने भी आरोपी मोह. मोनिश फारूकी,मोह. सोहेल खान के खिलाफ ठगी का मामला भिलाई नगर थाने में दर्ज कराया है। मनोज कुमार श्रीवास्तव की शिकायत में वर्ष 2015 में क्रिप्टोकरेंसी के नाम से पैन की ठगी की थी।

# विरासत टैक्स से मध्यम वर्गीय लोग सबसे ज्यादा होंगे प्रभावित-मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंकराम वर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उनके राजनीतिक प्रशिक्षक सेंट पित्रोदा के संकल्प पत्र में विरासत टैक्स की योजना का निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस आम लोगों को खास तौर से मध्यम वर्ग को प्रभावित होगा। टैक्स मध्यम वर्ग और आकांक्षी लोगों को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा जो अपने परिश्रम से अपना एक घर बनाते हैं। कुछ बचत कर पाते हैं। विरासत टैक्स लागू होने पर वे इस संपदा को पूरी तरह से अपने बच्चों को नहीं दे पायेंगे। अगर ऐसा होता है तो पिछले 10 वर्षों में भारत में हुई तमाम प्रगति बेकार हो जायेगी देश फिर इस युग में चला जायेगा जब कांग्रेस 90 प्रतिशत टैक्स वसूलती थी ।भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री वर्मा ने यह बात कही। इस अवसर पर केदार गुप्ता प्रदेश प्रवक्ता, जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, मुकेश शर्मा जिला प्रभारी, दीपक ताराचंद साहू उपस्थित थे।

### विरासत कर की कांग्रेसी साजिश

मंत्री वर्मा ने कहा कि कांग्रेस के प्रमुख सलाहकार और राहुल गांधी के राजनीतिक प्रशिक्षक सैम पित्रोदा ने अमेरिका की तरह भारत में भी इन्हेरिटेंस टैक्स लगाने की बात की, पित्रोदा का बयान अचानक और जबान फिसलने के कारण नहीं आया है दरअसल यह एक सोची समझी चाल है। कांग्रेस पार्टी का संकल्प पत्र जारी करते हुए राहुल गांधी ने हैदराबाद में जो कहा, उसे समझने की जरूरत है। उन्होंने स्पष्ट कहा है, कांग्रेस की सरकार बनेगी तो सबकी वित्तीय स्थिति का सर्वेक्षण कराया जायेगा, जिसके आधार पर क्रांतिकारी निर्णय लिए जायेंगे। पहली बात, लोकतांत्रिक व्यवस्था में क्रांति की जगह कहां है? देश में क्रांति करने की चाह किन लोगों की है? दूसरी बात, विरासत टैक्स से सभी वर्ग प्रभावित होंगे पर सबसे अधिक मध्यम वर्ग प्रभावित होगा। यह टैक्स मध्यम वर्ग और उन आकांक्षी लोगों को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा जो अपने परिश्रम से अपना एक घर बनाते और कुछ बचत कर पाते हैं।

### भाजपा मंत्री टंकराम ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा




एस्टेट टैक्स तब चल और अचल संपत्ति दोनों पर ही लगाया जाता था। भारत में तब जिसके पास 20 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति होती थी, उस पर 85 फीसदी यह टैक्स लगता था। अगर किसी के पास तब कम से कम एक लाख रुपए की संपत्तियां हैं, तब इस कर की दर साढ़े सात फीसदी हुआ करती थी। इस तरह से रकम और संपत्तियों के हिसाब से टैक्स की दर भी थी।इस टैक्स को लेकर लोगों के बीच खासा नाराजगी थी और जिस मकसद को ध्यान में रखकर इसे लाया गया था, वह असल में पूरा नहीं हो पा रहा था। 1984-85 में एस्टेट टैक्स केजटिलताओं के चलते खत्म कर दिया था। यह टैक्स तब एक तरह से बड़ी विफलता माना गया था।

### 1953 में लाया गया था एस्टेट टैक्स

मंत्री वर्मा ने बताया कि 1953 में लाया गया एस्टेट टैक्स अव्यवहारिक था पूरे भारत में इसका विरोध हो रहा था इसलिए इसे 1985 में खत्म कर दिया गया था। यह साल 1953 में लाया गया था। चूंकि, देश को इससे कुछ साल पहले ही आजादी मिली थी और तब गरीबी थी। आर्थिक तौर पर असमानता थी। सरकार की तब सोच थी कि अमीर लोगों का पैसा अगर उनके बच्चों के पास जाएगा तब समाज में यह असमानता और बढ़ जाएगी। यही वजह थी कि इस कर को एक एक्ट (अधिनियम) के जरिए लाया गया था।

भारत माला प्रोजेक्ट : प्रभावित किसान जमीन पर कार्य करने पर लगा रहे रोक

# सिक्सलेन का कार्य शुरू पर अधिकांश किसानों को नहीं मिला मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भारत माला प्रोजेक्ट के तहत सिक्सलेन का काम शुरू कर दिया गया है। काम शुरू तो कर दिया गया है लेकिन अधिकांश किसानों को उनकी जमीन अधिग्रहण का मुआवजा ही नहीं मिला है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि मुआवजा नहीं मिलने से प्रभावित कई किसानों ने अपनी जमीन पर हो रहे कार्य पर रोक लगाना शुरू कर दी है। जिसकी वजह से निर्माण में भी देरी होगी और किसान भी अपने मुआवजा को लेकर आशंकित हो रहे हैं। इस निर्माण में सबसे बड़ा ब्लेट दुर्ग से उमरपोटी और उतई के बीच का है। जहां कई लोगों की जमीन प्लाटिंग की है। यानी लोग प्लाट इसलिए खरीदी की थी कि वे अपना मकान बनाएंगे। लेकिन ये प्लाट भी सिक्सलेन निर्माण में निकल गई है। ऐसे लोगों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है।



### 40.50 किलोमीटर की लंबी सिक्सलेन

इस प्रोजेक्ट के तहत दुर्ग और पाटन ब्लाक के बीच करीब 40.50 किलोमीटर लंबी सिक्सलेन सड़क बनाई जा रही है। भारत माला परियोजना के तहत दुर्ग के अंजोरा से रायपुर के आरंग के बीच यह आगे बढ़कर 93 किलोमीटर लंबा सिक्सलेन एक्सप्रेस कॉरिडोर भी बनेगा। भारत माला परियोजना भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित और वित्त पोषित सड़क और राजमार्ग परियोजना है। इसका मकसद देश के सड़क बुनियादी ढांचे का विकास और विस्तार करके कनेक्टिविटी बढ़ाना और आर्थिक विकास को आसान बनाना है।

### अंजोरा के पास से गुजरेगी सड़क

भारत माला परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण रोड का निर्माण कराएगा। यह सड़क राजनांदगांव जिले के अंजोरा के पास से दुर्ग शहर के बाहर दक्षिणी हिस्से से गुजरेगी। यहां से अभनपुर के पहले जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को क्रास करते हुए नया रायपुर क्षेत्र की सड़क से होकर आरंग से जुड़ेगी। शहर के भीतर नेशनल हाईवे 53 पर वाहनों का दबाव कम होगा। साथ ही रायपुर तक के यातायात सुधारने में मदद मिलेगी।

### इन गांवों से गुजरेगा सिक्सलेन

बायपास रोड के प्रभावित गांवों में दुर्ग तहसील के 25 गांव आएंगे। थनौद, अंजोरा, बिरेझर, चंगोरी, पीसेगांव, कोलिहापुरी, चंदखुरी, पुलगांव,कोनारी, हनोदा, बोरसी, धनोरा, भानपुरी, पोटियाकला, हनोदा, कोकड़ी, उमरपोटी, पुरई आदि शामिल है। पाटन तहसील के 26 गांवों से होकर बायपास रोड गुजरेगी।

### खरीदी- बिक्री पर लगी है रोक

सिक्सलेन निर्माण की वजह से दुर्ग जिले के प्रभावित गांवों में जमीन की खरीदी और बिक्री पर रोक लगा दी गई है। प्रभावित किसान बताते हैं कि काम शुरू होने के पहले मुआवजा दिया जाना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। ज्यादातर किसानों को अपनी मुआवजा का इंतजार है। उमरपोटी, पुरई क्षेत्र के कई जगह ऐसे हैं जहां से सिक्सलेन निर्माण नहीं हो रहा है फिर भी जमीन की खरीदी बिक्री पर रोक है। जिसकी वजह से किसान जरूरत होने के बाद भी अपनी जमीन का एक छोटा सा टुकड़ा तक नहीं बेच पा रहे हैं। शादी-व्याह का समय है इसलिए पैसों की सख्त जरूरत है। शासन या तो मुआवजा दें या फिर निर्माण से परे जमीनों को रोक के दायरे से मुक्त करे।

### प्रकरणों के हिसाब से मुआवजा

सिक्सलेन निर्माण केंद्र सरकार की योजना है। जैसे-जैसे मुआवजा प्रकरणों की मंजूरी आ रही है वैसे-वैसे किसानों को मुआवजा का भुगतान कर रहे हैं। निर्माण एजेंसी से काम रोकने की शिकायत अभी नहीं आई है। मुआवजा का भी अलग-अलग रेट तय हैं।

**मुकेश रावटे,** एसडीएम

भिलाई निगम आयुक्त ने ली बैठक

# मतदान पर्ची प्राप्त नहीं होने पर टोल फ्री नम्बर



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

लोक सभा निर्वाचन के लिए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए भिलाई निगम क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर एवं 66 वैशाली नगर के कुल 425 मतदान केन्द्रो में नागरिकों की सुविधाजनक वोटिंग तथा मतदान दल के लिए भीषण गर्मी को देखते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करें।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने जोन आयुक्त, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता का निगम सभागार में बैठक ली। बैठक में आयुक्त ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 का मतदान दिवस 7 मई है। जिसके लिए मतदान दल 6 मई को मतदान केन्द्रो में पहुंच जाएंगे । इसके पूर्व भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के 169 तथा वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के 256 मतदान केन्द्रो में होने वाले मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्था पानी, रैम्प, वेंटिलेशन, शौचालय, निस्तारी पानी तथा मतदाताओं के लिए छांव की व्यवस्था को अंतिम रूप से प्रदान कर सभी अधिकारी अपने अधीन क्षेत्र वाले बूथो का प्रतिवेदन देवें।

आयुक्त श्री धुव ने कहा की निगम क्षेत्र में कुल 425 बूथ में मतदान कराने, आने वाले मतदान दल के लिए कमरे में दर्री, गद्दा, कुलर, पीने का पानी, प्रकाश व्यवस्था के साथ मतदान केन्द्र तथा आस पास की साफ-सफाई करके मतदान केन्द्र से 100 मीटर दुरी का चुना मार्किंग किया जाना हैं। मतदान हेतु आने वाले नागरिकों के वाहनो का सुव्यवस्थित पार्किंग के लिए स्थल निश्चित करे संकेत बोर्ड लगाने का कार्य 6 मई को पूर्ण कर लें। आयुक्त ने कहा कि दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लिए मतदान केद्र में ट्रायसायकल की व्यवस्था रखें ।

### मतदाता पर्ची हेतु टोल फ्री नम्बर

जिस किसी भी मतदाता को मतदान पर्ची प्राप्त नही हुआ है। उसके लिए निगम ने टोल फ्री नं. 0788-2294303 जारी किया जिस पर क्षेत्र के मतदाता अपनी शिकायत सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक दर्ज करा सकते है जिसका समय रहते निराकरण किया जाएगा। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेद्वी, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, संजय शर्मा, डी.के. वर्मा, जोन आयुक्त रवि सिन्हा, येशा लहरे, अमिताभ शर्मा, सुनील चौधरी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# इंडक्शन व प्रशिक्षण पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

लोकसभा चुनाव को लेकर कला मंदिर सिविक सेंटर में सीएपीएफ और जिला पुलिस बल के लिए इन्डक्शन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी दिनों में होने वाले लोकसभा चुनाय को लेकर एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि जिले के भौगोलिक स्थिति, एरिया डोमिनेशन, बार्डर सीलिंग करते हुए विशेष अभियान चलाकर सीएपीएफ बल, जिला पुलिस बल के साथ समन्वय बनाकर चेकिंग किया जाने की जानकारी दी। जिससे जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त और निर्भिक रूप से शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न कराया जा सके। इस दौरान कार्यसाला में सीएपीएफ के सेनानी स्तर से एपीसी, जिला पुलिस बल के एएसपी स्तर से सहायक उप निरीक्षक अधिकारियों समेत अन्य मौजूद थे। लोकसभा चुनाव के पूर्व बार्डर सीलिंग, एरिया डोमिनेशन करते हुए जिला पुलिस बल, सीएपीएफ बल के साथ पैदल प्लैग मार्च कर आम जनता में पुलिस का विश्वास रखने, असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई कर बेहतर पुलिसिंग कर जनता में विश्वास कायम हो सके। एसपी ने शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न कराये को लेकर मार्गदर्शन दिया गया। उक्त इन्डक्शन, प्रशिक्षण कार्यशाला में सीएपीएफ बल के सेनानी स्तर से एपीसी स्तर, जिला पुलिस बल अधिकारी भी मौजूद थे।




■ लोकसभा चुनाव को लेकर हुई

सड़क दुर्घटना

# बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को चपेट में लिया। घटना में बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई।पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि ग्राम ढौर निवासी भरत बंजारे ने शिकायत किया है कि उसके मोबाइल पर सूचना मिली कि चाचा देवेंद्र बघेल का एक्सीडेंट हो गया है। भिलाई-चरोदा अस्पताल में उसे भर्ती किया गया है। तुरंत चाचा को देखने अस्पताल पहुचा जहां उपचार चल रहा था। चाचा बाइक सीजी 07 बीजेड 1385 से जा रहा था। इस दौरान पार्थिवी कालेज चौक गनियारी औंधी सिरसाकला मोड रोड अज्ञात वाहन ने चपेट में लिया। हादसे में चाचा देंवेद्र बघेल के सिर, पैर गर्दन में चोटे आई है। जिसके कारण चाचा की मौत हो गई। बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

■ अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर

रिसाली नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन की बैठक में निर्णय

# बीमा, पीएफ व न्यूनतम वेतन नहीं, कोर्ट जाएंगे श्रमिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

रिसाली निगम में कर्मियों को कर्मचारी बीमा, पीएफ व न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है। निगम ने पूर्व ठेकेदार पीवी रमन को ठेका दिया और बाद में उसे हटाया गया। यहां वर्तमान में दो ठेकेदार को निगम ने ठेका दिया है। जिसमें पहले ठेकेदार रविन्द्र भगत और दूसरे जहीर खान हैं। इन दोनों ठेकेदारों के अधीन में 300 सफाई कर्मी कार्यरत हैं। इन कर्मियों को छत्तीसगढ़ शासन के नियम के तहत भुगतान नहीं होता। हालात को देखते हुए नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन ने रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा और महापौर शशि सिन्हा को ज्ञापन दिया है और न्याय की मांग की है। मांग पूरी न होने की स्थिति में यूनियन ने श्रम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने का भी निर्णय लिया है।

### ठेकेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं

यूनियन के मुताबिक नाली, झाड़, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन सहित एसआरएम कंपोस्ट सेंटर में (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) कचरों का सेलिग्रेशन हेतु ठेका दिया गया है। निविदाकारों ने कचरों का सेलिग्रेशन हेतु प्लेसमेंट माध्यम से सैकड़ों सफाई कामगारों को नियुक्त किया गया है। जिन्हें न्यूनतम मजदूरी दर से कम भुगतान, पीएफ ईएसआईसी सामाजिक, स्वस्थ सुरक्षा प्रदान नही करने जैसी शिकायत यूनियन ने महापौर शशि सिन्हा पूर्व निगम कमिश्नर आशीष देवांगन तथा सहायक श्रमायुक्त श्रद्धा केशरवानी के समक्ष किया गया था लेकिन ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किया गया। जिसके कारण ठेकेदारों द्वारा श्रमिक नियमों, अनुबंधित शर्तेंओ का लगातार उल्लंघन करते आ रहे है। जबकि कार्यालय श्रमायुक्त रायपुर महानदी भवन अपर श्रमायुक्त सविता मिश्रा द्वारा समस्त कलेक्टर एवं सहायक श्रमायुक्त को स्पष्ट निर्देश हैं। इस निर्देश में नगर निगम/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों में 20 या 20 अधिक संख्या में अगर श्रमिक कार्यरत है तो कर्मचारी स्वस्थ बीमा, भविष्य निधि एवं न्यूनतम वेतन का लाभ संविदा श्रमिक अधिनियम के तहत दिए जाने का प्रावधान है। जबकि नगर निगम रिसाली में तकरीबन 300 से अधिक श्रमिक कार्यरत होने उपरांत अभी भी सैकड़ों कामगार है जिन्हें लाभ नहीं मिल रहा है।



### ये चार प्रमुख मांगें

पहला छग शासन द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत दैनिक/मासिक मजदूरी अप्रैल 2024 से अक्टूबर 2024 निर्धारित दर की सर्कुलर जल्द ही जारी किया जाएं। दूसरा रिसाली निगम एसआरएम कम्पोस्ट सेंटर में कार्यरत कामगारों को पीएफ ईएसआईसी एवं निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर पर भुगतान किया जाय एवं अंतर राशियों तत्काल दिया जाये। तीसरा पीएफ,ईएसआईसी , पेंशन और उपादानों का संधारण हेतु प्लेसमेंट एजेंसी को निर्देशित किया जाय। चौथा चिकित्सा परीक्षण सहित सुरक्षा उपकरण, कार्य सामग्री उपलब्ध कराया जाय। बैठक में मनोज कोसरे,पंचराम, अरविन्द, त्रिवेणी , उषा, सावित्री संतरीन,शालेन्दरी ,राधिका, चंद्रिका,जानकी सहित समस्त कामगार उपस्थित थे।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
* 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
* टोटल हाल मार्क जेवर
* स्पेशल पर्स, बैग फ्री
* रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने मतदाता सूची का किया निरीक्षण

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में मतदान दलों को उपलब्ध करायी जाने वाली मतदाता सूची का अवलोकन किया। केंद्र में मतदाता सूची को चिन्हांकित किये जाने का कार्य किया जा रहा है। जो कि मतदान दलों को मतदाता सूची उपलब्ध करायेगी। ताकि वह मतदान का कार्य सुचारू रूप से कर सके। इस दौरान नोडल अधिकारी हरवंश सिंह मिरी व सहायक नोडल अधिकारी आदित्य कुंजाम के साथ अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### देशी मदिरा का अवैध विक्रय करते आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग। गश्त के दौरान आबकारी विभाग द्वारा श्याम पेट्रोल पम्प के सामने धमधा दुर्ग रोड, थाना-मोहन नगर में अवैध शराब के परिवहन, विक्रय एवं धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर आरोपी दर्शन देवराज, आत्मज मेहताबू देवराज उम्र 48 वर्ष, जाति-देवार, निवासी-सिकोलाभाठा थाना मोहन नगर दुर्ग के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में 40 नग पाव देशी मदिरा मसाला 7.2 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला, जिसका बाजार मूल्य 4400 रूपये है, जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक भुनेश्वर सिंह सेंगर द्वारा विवेचना में लिया गया। जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण एवं परिवहन के नियंत्रण हेतु आम नागरिकों की सहभागिता के लिए टेलीफोन शिकायत नम्बर उपलब्ध करायी गई है, जिसके अन्तर्गत आबकारी विभाग दुर्ग के कार्यालयीन टेलीफोन नम्बर 0788-2325836 पर 24x7 घण्टे सम्पर्क किया जा सकता है ।

### सुरक्षित भण्डारण के बारे में दी जानकारी

दुर्ग। लोकसभा चुनाव 2024 हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 01 मई 2024 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित रिट याचिका (सिविल) क्रमांक 343 माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश 26 अप्रैल 2024 के अनुसरण में 2023 में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) के उपयोग और कमीशनिंग के बाद ईवीएम वीवीपैट (एसएलयू) और उसके सहायक उपकरण के सुरक्षित भंडारण के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित की गई। जिसमें एसएलयू यूनिट को प्रत्याशियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में रखने तथा मतगणना के बाद प्रयुक्त एसएलयू को याचिका अवधि समाप्त होने तक विधानसभावार स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया। मतदान के बाद आरक्षित एसएलयू निर्माण कंपनी ईसीआईएल को वापस कर दिया जाएगा।

### श्रमिकों को मतदान के दिन दो-दो घंटे का अवकाश

दुर्ग। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु नियत मतदान दिवस में कारखाना अधिनियम-1948 तथा छ.ग. दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1958 के अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत उन श्रमिक/कर्मचारियों को मतदान के दिन अर्थात 07 मई 2024 दिन मंगलवार को राज्य शासन द्वारा दुर्ग जिले से सबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया हैं।

## निधन

### शकुन्तला उपाध्याय

दुर्ग। शहर के हाउसिंग बोर्ड



एमआईजी निवासी शकुन्तला उपाध्याय पति स्व रामकिशोर उपाध्याय का विगत तीस मई को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार एक मई को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे अजय उपाध्याय की माताजी थी।

# बूथ में पालना घर, ओआरएस घोल और चपरासी भरेंगे कूलर में पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भीषण गर्मी और लू की हवा को शिकस्त देने जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई है। इस संबंध में गुरूवार को कलेक्टर ने बैठक लेकर बूथ में किए जाने वाले तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली गई। बूथ में बच्चा लेकर आए महिलाओं के लिए पालना घर, बूथ में ओरआरएस घोल की उपलब्धता और केन्द्रों में प्राथमिक उपचार सहित डाक्टरों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मतदान दिवस के दिन हीट वेव के संदर्भ में मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं एवं उचित प्रबंधन के संबंध में विभागीय अधिकारियों से समीक्षा की। कलेक्टर ने भीषण गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के तहत प्याऊ घर बनाने और मटके में ठंडे पानी, गिलास, मग आदि के साथ ही बैठने की व्यवस्था, छाया की व्यवस्था, बैंच, आवश्यकतानुसार कूलर-पंखे आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम के दृष्टिगत जनसामान्य को पेयजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए। सेक्टर अधिकारियों को प्रत्येक बूथों में ओआरएस घोल, नीबू का पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि, शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखे।

## मतदान केन्द्रों में छांव, पानी की व्यवस्था के साथ इकोफ्रेंडली टेंट लगेंगे

### सेक्टर अधिकारी उपलब्ध कराएंगे घोल

कलेक्टर ने मतदान दलों के भोजन के संबंध में व्यवस्था करने के निर्देश दिए। हर बूथ में प्रकाश की समुचित एवं वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। मतदान केन्द्रों में ओ.आर.एस. घोल उपलब्ध रहे। सभी बूथों के सेक्टर अधिकारियों के पास मितानिन, एम्बुलेंस, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का नंबर होना चाहिए। बूथों में सेल्फी जोन बनाएं। कतार व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए सहयोगी दल की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार से असुविधा न हो।



### शिक्षा विभाग को दी गई जिम्मेदारी

कलेक्टर प्रत्येक बूथों में भृत्य की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि वे सभी बूथो में पीने के पानी व कूलर में पानी भरने की व्यवस्था कर सके। साथ ही उन्होंने पालना गृह में बच्चों की देखरेख के लिए आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भी ड्यूटी लगाने को कहा, ताकि जो भी मतदाता अपने छोटे बच्चों को लेकर आए उसे पालना गृह में देखरेख कर सके। मतदान दिवस पर सभी अस्पतालों के चिकित्सक को सतर्क रहने चिकित्सा अधिकारी को दिए निर्देश दिए है। उन्होंने सरकारी व निजी सभी अस्पताल के एम्बुलेंस बूथ के आसपास राउंड लगाने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत एम्बुलेंस की सुविधा ली जा सके। साथ ही वालंटियर भी लगे रहे ताकि अगर किसी की तबियत खराब हो रही है या लाईन में खड़े रहने पर कमजोरी महसूस कर रहा है तो वालंटियर उनकी मदद कर सके।

## तैयारी : पिछले सत्रह चुनाव में लगातार बढ़े हैं आंकड़े, इस बार चुनौती

# लोस के तीस फीसदी मतदाताओं को रिझाने प्रशासन ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इस लोकसभा के चुनाव में वोट नही देने वाले करीब तीस फीसदी मतदाताओं को बूथ तक खिंच लाने प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई है। अब तक हुए सत्रहवी लोकसभा चुनाव में लगातार मतदान के आंकडे बढत की ओर रही है। इस बार जिला निर्वाचन आयोग ने व्यापारियों से लेकर हास्पिटल संचालको की पहल से वोटरों को मतदान केन्द्र तक लाने भले ही छूट की बौछारे लगा दी है। लेकिन अगर मतदान प्रतिशत नही बढा तो जागरूकता के लिए फूंके जा रहे लाखों रूपए पानी में भी बह जाएगा।

बहरहाल जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान का प्रतिशत बढाने पूरी ताकत झोंक दी गई है। गांव में मतदान बढाने मुनादी करने भी निर्देश दिए है। पिछले वर्ष 2019 के चुनाव में 71.62 फीसदी मतदान के आंकडे सामने आए थे। ऐसे में प्रशासन की कोशिश चल रही है कि, आंकडे शत प्रतिशत हो, लेकिन भीषण गर्मी ओर लू के बीच संपन्न होने वाले चुनाव को लेकर प्रशासन की भी चिंता बढ गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार मतदान में दो घंटे (7-6 बजे) की बढोत्तरी की गई है। वही व्यापारियों से संपर्क कर वोटरों को राहत देने की ओर कदम बढाए गए है। अब देखना है कि, प्रशासन का यह प्रयास कितना कारगर होता है।

### अब तक के आंकड़ों में तीस फीसदी मतदाता ने खुद को किया अलग




### अब तक हुए लोकसभा चुनाव में मतदान के आंकड़े

| वर्ष | प्रतिशत | वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1951 | 48.04 | 1991 | 52.49 |
| 1957 | 41.31 | 1996 | 52.36 |
| 1962 | 43.43 | 1998 | 61.73 |
| 1967 | 52.80 | 1999 | 58.06 |
| 1971 | 45.27 | 2004 | 52.08 |
| 1977 | 59.07 | 2009 | 55.88 |
| 1980 | 57.50 | 2014 | 67.74 |
| 1984 | 66.68 | 2019 | 71.62 |
| 1989 | 61.72 | | |

### पहले चुनाव में 48.04 से 71.62 फीसदी पहुंचा

लोकसभा का पहला चुनाव वर्ष 1951 में हुआ था। इस दौरान लोगों में जागरूकता का अभाव होने के चलते रिकार्ड 48.04 फीसद्दी मतदान दर्ज किया गया था। वही वर्ष 2014 में मतदान बेहतर रहा। इस चुनाव में 12 फीसदी मतदान बढ़ा था। वर्ष 2009 में 55.88 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया था। यह वर्ष 2014 में बढ़कर 67.74 तक पहुंच गया। वर्ष 2019 में 71.62 फीसदी वोटर्स ने मतदान किया। यह पहली बार था, जब मतदान का आंकडा 70 फीसदी उछाल पर रहा। इस साल उम्मीद बढत की है।

### विधानसभा में पांच लाख रूपए खर्च

जानकारी मिली है कि, पिछले विधानसभा चुनाव 2023 में जागरूकता के नाम पर करीब पांच लाख रूपए खर्च हुए है। आयोग द्वारा हर चुनाव में प्रचार के लिए नुक्कड, नाटक, सेमीनार और बैनर पोस्टर के माध्यम से राशि खर्च की जाती है। हांलाकि इस चुनाव में औसत 71.62 से बढकर 74.21 पर रहा। अब तक चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढत की ओर है। लेकिन फिर भी तीस फीसदी मतदाता चुनाव से खुद को अलग रखे हुए हैं, जिन्हें बूथ तक लाने आयोग के लिए चुनौती है।

### बाजार में छूट, फ्री में खाना खिलाने की पहल

विभिन्न व्यापारिक संगठनों के घोषणानुसार 7 मई को वोट डालने के बाद ऊंगली पर अमिट स्याही का निशान दिखाने पर सराफा व्यापारी संघ द्वारा मेकिंग चार्ज में 50 प्रतिशत की छूट, रेडीमेड कपड़ा में 15 प्रतिशत की छूट, लोहा सरिया में प्रति क्विंटल 50 रुपए की छूट, फर्नीचर 20 प्रतिशत की छूट, होलसेल स्टेशनरी में 20 प्रतिशत की छूट, कॉस्मेटिक एवं ड्राय फ्रूट्स में 15 प्रतिशत की छूट एवं पूजा सामग्रियों में 15 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की गई है। इसके आलावा हास्पिटल में ओपीडी निशुल्क और जांच में 25 फीसदी छूट और भर्ती होने पर कमरा निशल्क देने की पेशकस आठ से बारह तारीख तक की गई है।

# विजय बघेल ने निकाली वार्डों में जनसंपर्क रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भाजपा लोकसभा के प्रत्याशी विजय बघेल ने दुर्ग के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क यात्रा निकाली। हजारों की संख्या में लोग अपने घरों से निकल कर सांसद विजय बघेल का भव्य स्वागत किए। फूल माला से स्वागत किए। रैली के दौरान सांसद विजय बघेल वार्ड के बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिए, सभी ने समर्थन करते हुए कहा देश के हित और विकास के लिए भाजपा की सरकार बनानी है।

■ लोगों से प्रचार में मांगा समर्थन

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि, लोगों की मिल रही समर्थन के अनुसार 8 लाख वोटो से जीत का रिकॉर्ड बनाना है और देश को नरेंद्र मोदी जी के सशक्त हाथों में सौपना है। सांसद बघेल ने लोगों से समर्थन मांगते हुए कहा कि, एक बार फिर मोदी सरकार, इस बार 400 पार जीतकर मोदी को पीएम की कुर्सी पर बैठाना है। गुरूवार को रैली की शुरुआत कातुलबोर्ड के साई मंदिर और पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा अर्चना से की गई।

वार्ड के 50 से ज्यादा युवाओं ने भाजपा में प्रवेश किया। इसके बाद विभिन्न वार्डों में कातुलबोर्ड , शिव मंदिर, सिंधिया नगर, आदित्य नगर , जवहार नगर चौक,एफ सी आई गोदाम, सिकोला सब्जी मण्डी, सिकोला फाटक,दिपक नगर, सिंधी कॉलोनी, रायपुर नाका, पुलिस लाइन, ऊताई फाटक, जेल चौक, अली गैरेज, जनता मार्केट, आदर्श नगर, विधुत नगर, बोरसी कालोनी, वृन्दा नगर बोरसी बस्ती, पोटिया बस्ती कुन्दरा पारा, सुभाष नगर, रानी लक्ष्मीबाई चौक, केलाबाडी, कन्हैयापुरी चोक, महाराजा चौक में समापन हुआ। इस अवसर पर दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव अपने पूरे समर्थकों के साथ पूरी रैली में शामिल रहे।

## एक्टिवा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया




दुर्ग। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दुर्ग जिले में शत प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप वॉलंटियर दुर्ग नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने अपने एक्टिवा को स्वीप स्लोगन से सजाकर एवम उसी अनुरूप वेशभूषा पहनकर रोड शो किया। अमर हाइट्स से रोड शो को स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने फ्लैग दिखाकर रवाना किया। अमर हाइट्स से शुरू कर शिवनाथ नदी तट, पुलगांव चौक, पटेल चौक , राजेंद्र पार्क, मालवीय नगर चौक से स्टेशन रोड तक रोड शो कर मतदान के लिए जागरूक किया। स्वीप स्लोगन से सुसज्जित एक्टिवा एवम वेशभूषा आकर्षण का केंद्र बना।

## चेक पोस्ट का स्थान परिवर्तन

दुर्ग। लोकसभा चुनाव हेतु व्यय प्रेक्षक द्वारा 29 अप्रैल को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण की बैठक आयोजित की गई। व्यय प्रेक्षक द्वारा एसएसटी की ड्यूटी में परिवर्तन, रोटेशन करने हेतु निर्देशित किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर बीके दुबे ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी को संबंधित विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित चेक पोस्ट पर कार्य कर रहे एसएसटी टीमों के निर्धारित चेक पोस्ट का स्थान परिवर्तन करने हेतु आदेश जारी कर जिला निर्वाचन कार्यालय एवं व्यय प्रेक्षक को सूचित करने कहा है।

## तैयारी के लिए बैठक आज

दुर्ग। मतदान दिवस 07 मई की तैयारियों के संबंध में लोक निर्माण विभाग, दुर्ग जी.ई. रोड कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग के परिसर स्थित के सभाकक्ष में 3 मई 2024 को प्रातः 11 बजे बैठक आयोजित की गई है।

# अब तक पौने चार करोड़ नगदी सोना, चांदी, शराब भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोकसभा चुनाव के बीच अब तक विभिन्न टीम द्वारा अब तक तीन करोड़ छिहत्तर लाख दस हजार रुपये नकद और तीन करोड़ तिरासी लाख पन्द्रह हजार रुपये की शराब, नशीला पदार्थ, कीमती आभूषण आदि सामान जब्त किया गया है। जिले में चुनाव से संबंधित अवैध व्यय को रोकने के लिए पुलिस विभाग, आयकर विभाग, केंद्रीय राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग, आबकारी विभाग, उत्पाद शुल्क विभाग, रेलवे पुलिस बल आदि प्रवर्तन एजेंसियां कार्यरत है। इसके अलावा विधानसभावार 66 उड़नदस्ते और 66 स्थैतिक निगरानी टीमें गठित की गई हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर बजरंग दुबे ने बताया कि, लोकसभा चुनाव की घोषणा तिथि 16 मार्च 2024 से उड़नदस्ता दल (एफएसटी) प्रत्येक विधानसभा के लिए 3 शिफ्टों में 9 टीमों में काम कर रही है। प्रत्येक टीम में 1 मजिस्ट्रेट, 1 पुलिस अधिकारी, 1 सहायक और 1 वीडियोग्राफर हैं। विधानसभावार 66 स्थैतिक निगरानी टीमों के लिए 22 चेक पोस्ट चिन्हित किए गए हैं और 3 शिफ्टों में ड्यूटी ली जा रही है। इनकी ड्यूटी अधिसूचना , 12 अप्रैल 2024 से ली जा रही है। इसके पूर्व 02 अप्रैल 2024 से स्थैतिक निगरानी दल की 5 टीमों से जिला बालोद एवं जिला राजनांदगांव की सीमा पर आने-जाने वाले वाहनों की जांच का कार्य लिया जा रहा है। जिला में अब तक कुल 3,76,10,000/- (तीन करोड़ छिहत्तर लाख दस हजार रुपये) नकद और 3,83,15,000/- (तीन करोड़ तिरासी लाख पन्द्रह हजार रुपये) की शराब, नशीला पदार्थ, कीमती आभूषण आदि सामान जब्त किया गया है। ये सभी टीमें सामान्य पर्यवेक्षक एस.बी. शेट्टेनवार (आईएएस) और श्रीकेश लाठकर (आईएएस), पुलिस पर्यवेक्षक अनुपम शर्मा (आईपीएस), चुनाव व्यय पर्यवेक्षक श्री प्रसन्ना वी. पट्टनशेट्टी (आईआरएस), कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी (आईएएस) एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला (आईपीएस) के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं।

■ निगरानी के लिए प्रशासन ने टीम का किया है गठन

## जिले से ड्यूटी में तैनात मतदाता के लिए जांजगीर-चांपा जिले में सुविधा केन्द्र स्थापित

दुर्ग। जांजगीर-चांपा जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु दुर्ग जिले से निर्वाचन ड्यूटी पर कार्यरत मतदान कर्मी को पोस्टल डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु सुविधा केन्द्र पोस्टल वोटिंग सेक्टर स्थापित की गई है। इसमें सुरक्षा बल/कोटवार एवं अन्य जिले के अधिकारी/कर्मचारी के लिए नवीन ऑडियोटोरियम भवन जिला पंचायत के बाजू में जांजगीर को सुविधा केन्द्र बनायी गई है। इसी प्रकार अनिवार्य सेवा के मतदाता कर्मचारी के लिए पोस्टल वोटिंग सेंटर, रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय, जिला कलेक्टोरेट कार्यालय जांजगीर को सुविधा केन्द्र बनायी गई है। मतदान की तिथि 01 मई से 03 मई 2024 तक, प्रातः 09 बजे से शाम 5 बजे तक समय निर्धारित है। जिले के छूटे हुए अन्य मतदाता के लिए रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय जिला कलेक्टोरेट कार्यालय जांजगीर को सुविधा केन्द्र बनायी गई है। मतदान की तिथि 04 मई से 06 मई 2024 तक प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक समय निर्धारित है।

## स्पैरो कंपनी की आधी अधूरी जानकारी से चल रही ऑफलाइन वसूली

# चार हजार लखपतियों का नाम डाटा से गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्पैरो कंपनी द्वारा नगरनिगम को दिए गए डाटा में करीब चार हजार मकान मालिको के नाम गायब होने का मामला सामने आया है। जानकारी मिली है कि, ये चार हजार करदाता रसूखदार है। जिनसे स्पैरो कंपनी द्वारा या तो टैक्स नही लिया गया है या आर्थिक अनियमितता कर मामले को अंजाम दिया गया है। स्पैरो ने अब तक नगरनिगम को डाटा उपलब्ध नही कराया है।

■ निगम को अब तक नहीं मिला कंपनी से वसूली का डाटा

उल्लेखनीय है कि, इससे पहले भी स्पैरो कंपनी द्वारा टैक्स सेटलमेंट किए जाने का आरोप लगा है। इसी तरह सवाल उठ रहे है कि, स्पैरो ने चार हजार मकान मालिको की जानकारी आखिर निगम को क्यो नही दी गई। इधर बकायादारों के नाम सार्वनजिक कर डराने वाली निगम चार हजार रसूखदारों का नाम अब तक स्पैरो कंपनी से नही ले पाया है। वित्तिय वर्ष के अंतिम दो दिन की तीस लाख से अधिक की वसूली की राशि भी स्पैरो द्वारा निगम के खजाने में जमा नही की गई है। गंभीर मामले सामने आने के बाद भी निगम आयुक्त द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नही किया जाना कई सवालों को जन्म दे रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि, राजस्व घोटाले के इस खेल में निगम के अधिकारी भी शामिल है। यही कारण हैं कि अब तक कोई हिसाब किताब सामने नही आया है।




### कई बकायदारों को नहीं मिली रसीद

जानकारी अनुसार मेहत्तर राम सोनी आ० स्व० रामखिलावन सोनी निवासी गली नं. 05 बोरिंग के पास गया नगर, दुर्ग वार्ड नं. 04 तहसील व जिला दुर्ग छग निजी मकान मौजा गली नं. 05 बोरिंग के पास गया नगर, दुर्ग वार्ड नं. 04 तहसील व जिला दुर्ग छग में स्थित है। उन्होने आयुक्त लोकेश चंद्राकर से लिखित शिकायत में कहा हैं कि, मेरे मकान का सम्पत्तिकर टैक्स, जलकर टैक्स वर्ष 2020-21 से 2023-2024 तक टैक्स नगर पालिक निगम के द्वारा भेजा गया। ठेका कर्मचारी निर्णय देवांगन के द्वारा 28 मार्च 2024 को सत्रह हजार चार सौ तिरसठ रूपये नगद ले गया है। लेकिन रसीद नही दी गई।

### सेटलमेंट का लग चुका आरोप

आम आदमी पार्टी ने इससे पहले स्पैरो कंपनी के खिलाफ लागातार शिकायत की है। मामला 17 साल के बकाया टैक्स वसूली का था। निगम के संबंधित विभाग के कर्मियों ने इसके लिए पुलगांव के भवन स्वामी को प्रापर्टी का असेसमेंट कर 6 लाख 11 हजार 884 रुपए का डिमांड भेजा। इसके विपरीत उसी दिन कर्मियों ने सेटलमेंट कर भूमि स्वामी से उक्त मियाद का महज 1 लाख 7 हजार 402 रुपए लेकर संपूर्ण टैक्स जमा बता दिया। इस तरह करीब 5 लाख रुपए निगम के खजाने को चोट पहुंचाई गई। इसकी अब तक कार्यवाही नही हुई है। जांच टीम बनाई गई, लेकिन लीपापोती कर लिया गया।

# एक दिन पहले और मतदान के दिन शुष्क दिवस घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये दुर्ग जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 7 मई 2024 को होने वाले मतदान के अवसर पर 5 मई 2024 की संध्या 6 बजे से 7 मई 2024 सम्पूर्ण दिवस को देशी विदेशी मदिरा दुकानों के लिए ''शुष्क अवधि, शुष्क दिवस घोषित की है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री चौधरी के आदेशानुसार उक्त अवधि में जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे-एफ.एल.-1 (घघ), एफ.एल.-1 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (ग-अहाता), सी.एस.-2 (ग- कम्पोजिट अहाता), एल.एल.-1 (ख-अहाता), एफ.एल 3, 3 (क, ग), 4, 4 (क), 5, 5 (क), 7, 8, 9, 9 (क), सी.एस.1, सी.एस. 1-ख, सी.एस. 1-ग, एफ.एल. 10, 10 (क, ख), भांग एवं भांग घोटा की समस्त दुकानों तथा भण्डारण भाण्डागार भिलाई बंद रहेंगे। साथ ही उक्त अवधि में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

■ 6 की शाम व 7 मई को शुष्क दिवस घोषित

## खबर संक्षेप



### आज पाटन विधानसभा के गांवों में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश करेंगे जनसपंर्क

**सेलूद।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू के पक्ष में 3 मई 2024 को छत्तीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन विधानसभा के गांवों में तुफानी जनसंपर्क करेंगे। जिसकी शुरुआत सुबह 10 बजे भिलाई 3, 10.15 से सिरसा कला, 10.30 बजे सोमनी, 10.40 गनियारी पचपेडी, 11 बजे करसा, 11.15 घुघवा, 11.30 बजे तर्रा, 11.45 लोहरसिंग, 12 बजे फुंडा, 12.15 सांतरा, 12.30 मर्रा, 12.45 धुमा, 1 बजे दरबार मोखली, 1.15 गब्दी, 1.30 भरर, 1.45 जामगांव आर, 2 बजे बोरवाय, 2.15 खोला, 2.30 बजे बासीन, 2.45 बटरेल, 3 बजे गातापार, 3.15 बेल्हारी में सभा, 3.30 अकतई, 3.45 ओदरागहन, 4 बजे निपानी, 4.15 चुलगहन, 4.30 खपरी, 4.45 रानीतराई सभा, 5 कौही, 5.15 अशोगा, 5.30 जरवाय, 5.45 बोरेन्दा, 6 केसरा सभा, 6.15 तरीघाट, 6.30 सोनपुर, 6.45 सिकोला, 7 तुलसी, 7.15 खुडमुडी, 7.30 झीठ सभा, 7.45 जमराव, 8 खुडमुडा, 8.15 अमलेश्वर, 8.30 पांहदा, 8.45 बंटग, 9 नारधी, 9.15 औंधी सभा दौरा कार्यक्रम का समापन होगा।

### साजा विधायक ईश्वर का दुर्ग ग्रामीण विस स्तरीय दौरा कार्यक्रम आज

**उतई।** दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल के समर्थन में साजा विधायक ईश्वर साहू का दुर्ग ग्रामीण विधानसभा स्तरीय दौरा कार्यक्रम



का आयोजन 3 मई को किया गया है। वे दोपहर 11 बजे अंजोरा मंडल, 12 बजे रिसाली मंडल, 1 बजे उतई मंडल में प्रचार करेंगे। दोपहर 2 बजे जिला भाजपा मंत्री रोहित साहू के निवास बाजार चौक उतई में भोजन करेंगे। उक्त दौरा कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, भाजपा दुर्ग जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, विधानसभा संयोजक जागेश्वर साहू, सहसंयोजक रोहित साहू, रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेण्डे, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरीश साहू, उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा आदि उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### चैतराम सिंगौर

**सेलूद।** ग्राम सांकरा निवासी पूर्व कोषाध्यक्ष लोधी समाज पाटन



परिक्षेत्र व सेवानिवृत्त समिति प्रबंधक चैतराम सिंगौर का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम सांकरा के मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. धनेश सिंगौर, पाटन परिक्षेत्र लोधी समाज कोषाध्यक्ष टीकम सिंगौर के पिता व रवि सिंगौर युवा मोर्चा महामंत्री उत्तर मंडल पाटन युवा जिलाध्यक्ष लोधी समाज दुर्ग के दादा थे।

### बीएसपी के कारखानों में चौबीसों घंटे कार्यरत कर्मचारियों का सराहनीय कार्य

# भीषण गर्मी में भी भिलाई इस्पात संयंत्र में हो रहा कीर्तिमानी उत्पादन

**अनुकूल माहौल के साथ विपरीत मौसम में भी मजदूर बहा रहे पसीना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भीषण गर्मी में तपते शहर में जब आम लोग घरों में कूलर पंखों का सहारा ले रहे हैं, ऐसे में भिलाई इस्पात संयंत्र के मजदूरों का काम को लेकर उत्साह कम नहीं हुआ है। अपने पसीने के गारे से मेहनतकश कीर्तिमानी उत्पादन में महती योगदान दे रहे हैं।

बढ़ती गर्मी में कार्यालयों में कार्य स्थगित हो सकते हैं, और वैकल्पिक छुट्टियां भी घोषित हो रही हैं लेकिन बीएसपी के कारखानों में चौबीसों घंटे इस्पात उत्पादन निरंतर जारी रहता है। संयंत्रकर्मी, गर्मी, धूल व अन्य चुनौतियों से जूझते हुए भी अपने दृढ निश्चय, कार्यबल, एवं अथक प्रयासों के फलस्वरूप ही संयंत्र में वर्ष में 365 दिन इस्पात उत्पादन सुनिश्चित करते हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी - चाहे वे कार्यपालक अधिकारी हों, गैर-कार्यपालक हों, ठेका-कर्मचारी, या प्रशिक्षु ही क्यूँ न हों उत्पादन में जुटे हुए हैं। भीषण गर्मी के कारण राज्य भर में पारा चढ़ रहा है, भिलाई में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है, अत्यधिक गर्मी में बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत, भिलाई में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है और गर्मी की छुट्टियां नियत समय से पूर्व ही घोषित कर दी गई है। अनुकूल माहौल के साथ विपरीत मौसम में भीएकजुट कार्यबल ही इसके सफलता का मूल मन्त्र है।





#### मोटे जैकेट से कर्मचारी कर रहे बचाव

तीव्र गर्मी से निजात पाने के लिए कोक ओवन विभाग में नींबू पानी एक शीतल पेय है, जबकि ब्लास्ट फर्नेस में फेस शील्ड कर्मचारियों को तीव्र तापमान से रक्षा करते हैं। वहीं एसएमएस 3 में मोटे डेनिम जैकेट लोगों को कन्वर्टर्स के निकट गर्मी c तापमान को सह पाने की क्षमता प्रदान करते हैं। ठंडे पानी में भिगोये गमछे में लिपटा संयंत्र का कामगार 1500 डिग्री तक के चरम तापमान का सामना कर पाता है। उच्च गुणवत्ता वाले सुरक्षा जूते उच्च तापमान में भी कर्मियों के पैरों को किसी भी तापमान-जन्य नुक्सान से बचाते हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र में विभिन्न स्थानों पर विश्राम कक्षों का निर्माण किया गया है, साधारण शेड कर्मचारियों को थोड़े समय विश्राम करने में सहायक होते हैं। शॉप्स-फ्लोर पर लगे उच्च तीव्रता वाले ब्लोअर और कूलर संयंत्रकर्मियों को चिलचिलाती गर्मी से राहत देते हैं, जबकि मटके और वाटर कूलर उनकी प्यास बुझाते हैं। समूचे संयंत्र प्रांगण में कई बगीचे हैं। विभागों और संपर्क क्षेत्रों के निकट भी बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए हैं। ओएचपी, गुलाब उद्यान और अन्य विभागीय उद्यानों में पेड़ों की हरी छतरी संयंत्र में वातावरण में तापमान को कम करने में महत्वपूर्ण हैं।

#### फौव्वारे से ठंडकता

संयंत्र के भीतर स्प्रिंकलर, फव्वारे, छोटे तालाब और नहरों के रूप में जल निकाय भी वातावरण को ठंडा करते हैं। अन्य कार्यस्थलों के बीच वातानुकूलित क्रेन-केबिन कर्मचारियों को गर्मी की लहर से निपटने में मदद करते हैं। संयंत्र में नियमित चिकित्सा जांच के माध्यम से कर्मचारियों के फिटनेस स्तर का आकलन करने में भी मदद मिलती है। सुरक्षा को आदर्श बनाए रखना, खुद को हाइड्रेटेड रखना, अत्यधिक ताप-युक्त क्षेत्रों से यथासंभव बदलाव करना और सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा के लिए पूरी कर्मठता से काम कर सकें।



## भाजपा सरकार में गरीब मजदूर महंगाई की मार से त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद


पाटन विधानसभा के गांव-गांव में बैठको का दौर चल रहा है। कांग्रेसी कार्यकर्ता अपने लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को बड़े अंतर से जिताने की बात कह रहे हैं। इसी कड़ी में सेलूद में बैठक रखा गया। जिसमें राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता महंगाई से युवा बेरोजगारी बेटी-बहन अपने सुरक्षा को लेकर, किसान अपने एमएसपी को लेकर चिःतित है, लेकिन वर्तमान मोदी सरकार को इनमें से किसी भी वर्ग की चिंता नहीं है बस ऐन केन प्रकार से सत्ता पाने के लिए जुमले पे जुमला लगा रहे हैं। मोदी सरकार अगर तीसरी बार आती है तो संविधान आरक्षण सहित विभिन्न गंभीर विषयों को खतरा हो सकता है सभा को संबोधित करते हुए अश्वनी साहू ने कहा कांग्रेस के घोषणा पत्र में 5 न्याय, 25 गारंटी 400 रु. मजदूरी, गरीब महिलाओं को सालाना 1 लाख, एमएसपी कानून और जाति जनगणना का वादा इसलिए कांग्रेस के पंजा छाप में वोट डलवाये और अधिक से अधिक मतों से राजेन्द्र साहू को विजयी बनाए। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, खिलेश मारकंडे, जवाहर वर्मा, अर्जुन सिंह साहू, नंदकुमार तिवारी, अर्जुन सिंह बंछोर, त्रिभुवन यदु, संजय यादव, सुरेन्द्र कुर्रे, मन्नु यदु, चिंटु टिकरिहा, राजुलाल, लोकेश यादव, मोहन चंद्राकर, रवि पटेल, राजेन्द्र वर्मा, मदन वर्मा, लखनलाल सेन, नंदु ठाकुर, ओंकार देवाँगन, रोहित शिवारे, भागी शिवारे, विष्णु वर्मा, लल्लु यदु सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ बैठक में स्थानीय सेलूद के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिताने की बात कही

## 31 नग गौ तस्करी करते पुलिस ने 1 आरोपी को किया गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

तिल्दा से बोरी (डोंगरगढ़) गौ तस्करी करते हुए गौ रक्षक के सदस्यों ने गुरुवार को 1109 मेटाडोर सहित 31 नग बछड़ो को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। गौ रक्षक के सदस्यों ने बताया कि वे लोग तिल्दा से 1109 का पीछा करते आ रहे थे। धमधा से महज 7 किलोमीटर पहले शिवनाथ नदी के पास मेटाडोर को रुकवाकर पूछा तो चालक देवराज गाड़ी से कूद कर भाग गया। वहीं हेल्फर शेख नवशाद गाड़ी सहित पकड़ा गया। गौ रक्षक सदस्य ने बताया कि इसकी सूचना धमधा पुलिस को तत्काल दी थी लेकिन पुलिस 3 घंटे लेट से आई। गौ रक्षक, बजरंग दल एवं एवीबीपी कार्यकर्ताओं ने स्वयं गाड़ी से मवेशियों को स्थानीय कांजी हाउस में उतारकर



पानी एवं चारा की व्यवस्था की गई। जप्त मवेशियों में 1 मृत पाया गया। वहीं 30 बछड़े जीवित पाए गए। धमधा पुलिस पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही कर रही है। वही पशुओं को जल्द स्थानीय गौशाला में भेजने की व्यवस्था की जा रही है। इस कार्यवाही में गौ रक्षक मनोज जंघेल, गोल्डी शर्मा, हरि साहू, केशव सोनकर, सामर्थ ताम्रकार, पीयूष ताम्रकार, वीर ताम्रकार, अभिषेक ताम्रकार, हैपी ताम्रकार सहित सैकड़ों बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद, एवीबीपी के कार्यकर्ता ने कार्यवाही में मेहनत किया गया।

## कुथरेल में समर कैंप का किया आयोजन, बच्चे दिखे उत्साहित

**अंडा।** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला कुथरेल में समर कैंप का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें बच्चों की रुचि के अनुरूप विभिन्न गतिविधियां संचालित किया गया। जिसमें फिटनेस टिप्स में योगा क्लास से शुरुवात करते हुए ढेर सारी गतिविधि जिसमे ड्राइंग, मेहंदी, मिट्टी के खिलौने बनाकर उन्हें कलर करना एवं नृत्य व फैशन शो जैसे कार्यक्रम कराया गया। जिसमे बच्चों ने अपनी रुचि दिखाई शाला के शिक्षक गण उत्तरा वर्मा, यमुना साहू और प्रधान पाठक गौर सिंह नेताम सभी ने समर कैम्प में अपनी सहभागिता निभाई।



## सेवानिवृत्त आर्मी ऑफिसर का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई कैंप 2 के एन रामाराव आत्मजा एन नारायण आर्मी ऑफिसर 26 वर्ष देश की सेवा कर रिटायरमेंट होकर गुरुवार को घर वापसी की और कैंप में आर्मी ऑफिसर एन रामाराव का भव्य स्वागत फूल माला, ढोल नगाड़े एवं फटाके फोड़ कर उनका स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जोन 3 अध्यक्ष जालन्धर सिंह, वार्ड 33 पार्षद शेलेजा राजू, पूर्व एमआईसी मेंबर रिंकी सिंह, पूर्व एमआईसी मेंबर दुर्गा प्रसाद साहू, कैंप महिला मंडल अध्यक्ष ममता भरद्वाज, एन धन राजू, बोलबम गुप्ता, शिव यादव, मंजीत वर्मा, राजेश सरकार, राजू देवांगन, राजेश कुमार, पी कुमार राव, संतोषी, रानी विश्वकर्मा, अर्चना गुप्ता, नीलम देवांगन, तनिश, यशांश, भव्यंशा, सरस्वती साहू, कन्हैया गुप्ता एवं समस्त मोहल्ले वासी द्वारा स्वागत किया गया।

## ठेका सफाई कर्मचारी सहित 51 मजदूरों को लंच बाक्स और मिठाई वितरण कर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मानवाधिकार सहायता संघ अंतरराष्ट्रीय के संस्थापक एसएस भारत के निर्देश पर रामूराव प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ तथा डॉक्टर प्रभा पटेरिया प्रदेश चेयरमैन नारी शक्ति छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में मानवाधिकार सहायता संघ के प्रदेश टीम, कबीर साहू जिला अध्यक्ष दुर्ग छत्तीसगढ एवं निर्मला राव जिला अध्यक्ष दुर्ग नारीशक्ति छत्तीसगढ़ की टीम के द्वारा गुरुवार को सुबह 8.30 से 10 बजे तक इनक्वायरी ऑफिस, सेक्टर 6, ए मार्केट के सामने ठेका सफाई कर्मचारी (स्वीपर) तथा आसपास के लगभग 51 मजदूरों को लंच बॉक्स और मिठाई का डिब्बा देकर उनका सम्मान किया गया।

इन सभी निम्नलिखित संघ मित्रों के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ है। जिसमें



रामूराव प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़, डॉ. प्रभा पटेरिया प्रदेश चेयरमेन - नारी शक्ति छग, हिमाँशु शेखर त्रिपाठी प्रदेश उपाध्यक्ष छग, कबीर साहू जिला अध्यक्ष दुर्ग छत्तीसगढ़, निर्मला राव जिला अध्यक्ष दुर्ग नारी शक्ति, लीला राव जिला चेयरमेन दुर्ग नारी शक्ति, कल्पना शर्मा जिला कार्यकारी अध्यक्ष दुर्ग नारी शक्ति, भारती जिला महासचिव-दुर्ग नारी शक्ति, समाप्ति मुखर्जी जिला महामंत्री दुर्ग नारी शक्ति, सरस्वती जिला सचिव -दुर्ग नारी शक्ति आदि उपस्थित थे।

## श्रमवीर सम्मान 2024 से दो श्रमिकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 1 मई को श्रमिक दिवस पर गरिमामयी आयोजन प्रेस क्लब भवन कुम्हारी में सम्पन्न हुआ। प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी के संरक्षक डॉ. मोहन आनंद एवं बीमा सलाहकार नोहर दास मानिकपुरी ने श्रमिकों को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान राशि देकर श्रमवीर सम्मान 2024 से सम्मानित किया।

कहते हैं चाह जहां राह वहां अर्थात अगर इरादे पक्के हों, जीवन मे कुछ करने का माद्दा हो और मेहनतकश हो तो जीवन के रास्ते स्वतः ही आसान हो जाते हैं और कोई शारीरिक अशक्तता भी आड़े नहीं आती, ऐसे ही कर्मठ और समाज को प्रेरणा देने वाली शख्शियतों को ढूंढकर प्रेस क्लब कुम्हारी द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाता है।

संरक्षक डॉ. मोहन आनंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि सत्य के मार्ग पर कठिनाइयां अनेक हैं किंतु उन बाधाओं को पार करने की अद्भुत जिजीविषा से समाज मे अपने तथा परिवार के अस्तीत्व को सम्मानजनक बनाये रखना इस श्रमवीरों का यह प्रयास समाज मे सभी के लिए प्रेरणास्पद है। ऐसे प्रेरणादायक श्रमवीरों को सम्मान देकर न केवल नगर, समाज अपितु हमारी संस्था भी गौरान्वित हुई है। नोहर दास मानिकपुरी ने कहा कि मैं स्वयं भी एक मजदूर परिवार से आता हूँ मुझे इस बात का भान है कि अभाव और परिवार की जरूरतों के बीच कितना जद्दोजहद करना पड़ता है तब जाकर जीवन की गाड़ी चल पाती है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने दोनों श्रमवीरों के जीवन संघर्ष की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि 77 वर्षीय आर एन पात्रा जी विज्ञान में स्नातक हैं एक निजी कंपनी में कार्यरत थे साथ ही संगीत के भी जानकार हैं कंपनी के बंद हो जाने के बाद उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को संगीत सिखाना प्रारम्भ किया लेकिन आधुनिकता के इस दौर में उन्हें उतना काम नही मिल पाया जिससे परिवार का भरण पोषण हो सके अतः उन्होंने जगह-जगह पड़े कबाड़ की चीजें इकट्ठा करना प्रारम्भ किया और माहभर में इकट्ठा कबाड़ को बेचकर इसकी पूर्ति करते हैं। अभी वे संगीत शिक्षक के साथ ही शेष समय मे जगह जगह से कबाड़ इकट्ठा कर उसे बेचते हैं। उवहीं ग्राम परसदा निवासी मुकेश कुमार यादव बचपन से ही शारीरिक रूप से विकलांग हैं तीन भाई बहन और माता पिता का संयुक्त परिवार हैं सभी भाई मजदूरी करते हैं इन्होने कभी अपनी विकलांगता को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया और गांव में ही छोटे से दुकान में अपना व्यवसाय करते हैं कोरोना की विभीषिका में जहां एक ओर सारा व्यवसाय बंद था ऐसे में भी वे एक झोले में सामान रखकर गांव में बेचा करते थे। अपनी मेहनत से ये समाज में लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं। संस्था के सुरेश वाहने ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस और श्रमिकों की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सचिव रविन्द्र कुमार थापा ने एवं आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष खिलेश्वर साहू ने किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के समस्त पत्रकार साथी उपस्थित थे।

■ प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी ने मनाया श्रमिक दिवस



### लोकसभा प्रत्याशी विजय संग चाय पे चर्चा

## मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने की गई अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता पार्टी रिसाली मंडल द्वारा लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल के संग चाय पे चर्चा कार्यक्रम गुरुवार को दशहरा मैदान रिसाली में हुआ। कार्यक्रम में सांसद एवं दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विजय बघेल ने चाय बनाकर उपस्थित जनसमूह में स्वयं वितरित किया। उन्होंने जनसमूह से निवेदन किया कि आगामी 7 मई को भाजपा के कमल फूल का बटन दबाकर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर देश के विकास में सहभागी बने।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए दुर्ग लोकसभा से विजय बघेल को रिकॉर्ड मतों से जीताकर दिल्ली भेजना है। कार्यक्रम में रोहित साहू, पप्पू चंद्राकर, शैलेन्द्र शेंडे, सोनूराम सिंह, पुरेंद्र साहू, राजू जंघेल, दशरथ साहू, विक्की सोनी, राजेन्द्र सिंह यादव, प्रमोद सिंह, शैलेश साहू, अजीत चौधरी, अनूपम साहू, नरेन्द्र निर्मलकर, रीना नैय्यर, पूनमचंद सपहा, सतीश दुबे, हिमांशु चंद्राकर, धर्मेंद्र भगत, विधी यादव, एम मलयाद्री, मोंगरा देशमुख, संध्या साहू, ममता शर्मा सहित रिसाली मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# बीएसपी के ठेका श्रमिकों को मिले 26 हजार रुपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक द्वारा सेक्टर 4 कार्यालय में मई दिवस के अवसर पर बीएसपी के ठेका श्रमिकों का किया गया सम्मान एवं श्रमिकों की समस्याओं के निदान एवं सुविधाओं मे बढ़ोतरी पर किया गया विचार। कार्यक्रम में बीएसपी के अनेक विभाग के श्रमिक भारी संख्या में शामिल हुए। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश इंटक के उपाध्यक्ष पीयूष कर एवं विशिष्ट अतिथि स्टील एंप्लाइज यूनियन इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष एसके बघेल थे। स्वागत भाषण अध्यक्ष संजय कुमार साहू द्वारा किया गया।

पीयूष ने कहा कि सेल महारत्न कंपनी होने के पश्चात बीएसपी में ठेका श्रमिकों को अभी भी उनका वास्तविक वेतन एवं एडब्ल्य ए राशि प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इंटक यूनियन लगातार बीएसपी प्रबंधन से मिलकर प्रयास कर रही है कि बीएसपी के ठेका श्रमिकों को उनका वाजिब हक मिले जिसका परिणाम है कि ठेका श्रमिकों का 10 लाख का दुर्घटना बीमा किया गया। 1400 रुपए एडब्ल्यूए में बढ़ोतरी हुई है, ठेका श्रमिकों का यूनियन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

## स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने किया श्रमिकों का सम्मान

### ठेका श्रमिकों को मिले सभी तरह का भत्ता

स्टील एम्पलाइज यूनियन इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष एसके बघेल ने कहा कि बीएसपी के ठेका श्रमिक नियमित कर्मचारियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर हर तरह की कार्य कर उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उस तरह का सुविधा एवं वेतन नहीं दिया जा रहा है। बीएसपी के ठेका श्रमिकों को राजहरा माइंस की तरह 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन एवं सुविधाएं मिले। उन्हें भी रात्रि भत्ता, आवास भत्ता, साइकिल भत्ता, बच्चों को निशुल्क शिक्षा एवं मेडिकल की सुविधा मिले। इसके लिए यूनियन चरणबद्ध तरीके से प्रयास करेगी।





### संगठित होने से मिलेंगे सभी तरह के अधिकार

स्टील एंप्लाइज यूनियन इंटक के अतिरिक्त महासचिव शेखर शर्मा ने कहा कि स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के साथ संगठित होकर प्रयास करने से आपको अपने सभी अधिकार प्राप्त होंगे। आप लोगों के संगठित होने से संयंत्र में जो ठेका श्रमिकों में डर का माहौल था वह कम हुआ है। ठेका श्रमिकों का मनोबल भी ऊंचा हुआ है जिसका परिणाम उत्पादन में बढ़ोतरी एवं सुरक्षा में दिख रहा है। दिलीप साहू ने कहा कि प्रबंधन को ठेका श्रमिकों की काम की गारंटी देने से बीएसपी के ठेका श्रमिकों कुशलता में बढ़ोतरी होगी। जिसका परिणाम बीएसपी में भविष्य के उत्पादन में होगा।

### श्रम वीरों का किया गया सम्मान

सुरेश दास टंडन, दाऊलाल साहू, ओमप्रकाश देवांगन, योगेश कुमार, राजू सोनवानी, दामन लाल, नारायण साहू, कान्हा राम, कन्हैया कुमार, गणेश ठाकुर, के रामू निलेश कुमार संजीव मानिकपुरी राकेश कुमार रामकुमार कृष्ण राव लक्ष्मण राव वीर सिंह टामन लाल, जय कुमार, इंद्रमणि, नवीन कुमार, बलराम वर्मा, कामता प्रसाद, नरेंद्र कुमार, कुलेश्वर प्रसाद, आर प्रसन्ना, कुलदीप सिंह, ठेका श्रमिक के कार्यकारिणी सदस्य सुरेश दास टंडन ने, श्रमिकों पर कविता गया। उन्होंने कहा इंटक यूनियन के प्रयास से हम लोग सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वेतन में लगातार बढ़ोतरी हो रही है एवं ठेकेदार और प्रबंधन के व्यवहार में भी परिवर्तन दिख रहा है। हम लोग हॉट जॉब हजार्ड एरिया एवं 1300 डिग्री तापमान और धूल डस्ट में कार्य करते हैं। प्रबंधन द्वारा मैत्री गार्डन में भी काम करने वाले ठेका श्रमिक को वहीं न्यूनतम वेतन एवं एडब्ल्यूए दिया जाता है। संयंत्र के अंदर प्रमुख विभाग में खतरनाक जगह में कार्य करने वाले श्रमिकों को वहीं वेतन दिया जाता है। माइंस की तरह हजार्ड अलाउंस हिट डस्ट अलाउंस एवं रात्रि भत्ता, दिया जाना चाहिए कार्यक्रम का संचालन जसवीर सिंह एवं आभार प्रदर्शन सीपी वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दीनानाथ सिंह, मदनलाल, एस रवि , रमेश तिवारी, दीनानाथ सिंह, राकेश तिवारी, प्रदीप विश्वास आदि उपस्थित थे।

## जैन भवन में भारत जोड़ो अभियान के संयोजक योगेंद्र यादव का व्याख्यान

# ये चुनाव मोदी बनाम राहुल, केजरीवाल नहीं, मोदी बनाम जनाक्रोश का मुद्दा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देश के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और प्रखर वक्ता योगेंद्र यादव ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने सरकार की नीतियों को जन विरोधी और अडानीपरस्त करार देते हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देने सत्ता परिवर्तन के लिए जागरुक होकर मतदान करने की अपील की है। कहा कि जब घर में आग लगी होती है तो यह नहीं देखना चाहिए की आग बुझाने वाले की बाल्टी किस रंग की है।

भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक श्री यादव ने गुरुवार को जैन भवन परिसर सेक्टर 6 में संविधान संवाद-1 - मतदाताओं का राजनीतिक बोध, दायित्व और भूमिका विषय पर आयोजित व्याख्यान में लोकतंत्र,संविधान, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आर्थिक - असमानता, सवैधानिक संस्थाओं, इलेक्टोरल बांड आदि ज्वलंत मुद्दों पर केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यह चुनाव मोदी बनाम राहुल या केजरीवाल नहीं बल्कि मोदी बनाम जनाक्रोश का मुद्दा है। बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से रुबरु होते हुए कहा कि मोदी चार सौ पार का नारा दे रहे हैं लेकिन 272 सीट के लिए भी लाले पड़ जाएंगे। भारत जोड़ो अभियान छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कहा कि यह लोकसभा चुनाव सिर्फ सांसद और पीएम बनाने का बल्कि संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। हम लोकतंत्र के देवता की तो पूजा करते हैं लेकिन राजनीति से घृणा करते हैं। जबकि मतदाताओं की राजनीतिक चेतना से ही सत्ता और व्यवस्था के दर्द से राहत मिलेगी। क्या राजनीति सिर्फ धन्नासेठ और गुंडे ही करेंगे। राजनीतिक भागीदारी के बिना लोकतंत्र कैसे बचेगा। इसलिए मतदाता चुनाव को भारत की संविधान सभा का चुनाव मानकर वोट के लिए आगे आएं। आज मोदी सरकार की तानाशाही से भारत के संवैधानिक ढांचे, स्वधर्म और 5 हजार साल पुरानी हमारी संस्कृति को खतरा है। श्री यादव ने कहा कि लोकतंत्र का चौतरफा गला घोंटा जा रहा है। मैच ( चुनाव ) शुरु होने पूर्व ही सरकार ने रेफरी बदल दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त बनने जा रहे चुनाव आयुक्त ने अचानक इस्तीफा दे दिया और असंवैधानिक तरीके से पीएम सहमति से बाद में दो चुनाव आयुक्त नियुक्त किए गए। ऐन चुनाव के पूर्व सीएम झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन व दिल्ली के सीएम केजवाल को जेल भेज दिया, 2 साल से केस चल रहा था, एक माह रुक जाते तो क्या बिगड़ जाता। भाजपा ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट से फटकार खाने के बाद भी सूरत, व इंदौर में सरपंच के चुनाव की तरह दबंगई से विपक्ष के प्रत्याशी बिठा दिए। अरुणाचल में भी 10 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध जीत गए। आयोग को मतदान का प्रतिशत बताने में अब 24 घंटे ज्यादा लग रहा है। लोकतंत्र को खत्म होने की कगार पर पहुंचा दिया गया है। तानाशाही से रुस की तरह भारत में लोकतंत्र धीरे धीरे खत्म हो रहा है। चुनावी पाखंड का जवाब देने जनता के पास यह आखिरी मौका है।

## भारत जोड़ो अभियान छग के कार्यक्रम में योगेन्द्र यादव ने मोदी सरकार पर बोला हमला






### महंगाई, बेकारी और अडानी से मुक्ति

योगेंद्र यादव ने कहा कि यदि भाजपा सरकार ने दस साल में जनहित में काम किए होते तो राम के नाम पर वोट नहीं मांगना पड़ता। जनता बेतहाशा बढ़ती महंगाई, बेरोजागरी और तानाशाही से त्रस्त हो चुकी है। पीएम अपने घनिष्ठ मित्र अडानी को तेजी से देश की संपत्ति सौंपे जा रहे हैं। कोविड के पूर्व अडानी की संपत्ति 66 हजार करोड़ थी, जो मात्र ढाई साल में 12 लाख करोड़ कैसे हो गई, इस सवाल का जवाब मोदी वैसे ही नहीं देते जैसे चुनाव पूर्व किसानों की आय दुगनी करने, काला धान वापस लाने और हर साल दो करोड़ रोजगार देने के सवालों का जवाब नहीं देते। वे अपने पालिटिकल पार्टनर अडानी को पोर्ट, एयरपोर्ट, स्टेशन, रेल, खदान व सार्वजनिक उपक्रम दिए जा रहे हैं। यह देश की संपत्ति की खुलआम लूट है। जनता पेट्रोल, गैस सिलेंडर और खाद्य वस्तुओं की बढ़ती महंगाई से परेशान है। महंगाई, बेकारी व तानाशाही से मुक्ति जरुरी है। यादव ने कहा कि सरकार ने इलेक्टोरल बांड से जहां दो नंबर के पैसे को एक नंबर का दिखाकर एक नंबर के खाते में दिखाया वहीं कर्नाटक के अपने सहयोगी दल के प्रज्जवल रेवन्ना को महिलाओं से दरिंदगी के बाद भी प्रत्याशी बनाया । उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा आधा दर्जन राज्यों पहले से कम सीटें आने से 272 तक पहुंचना मुश्किल है। जनाक्रोश का खेल शुरु हो चुका है।

### देशहित में आप की नाइंसाफी भूले

सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव ने हरिभूमि के आप पार्टी के भविष्य के सवाल पर कहा कि इस समय किसी पार्टी का मुद्दा नहीं चुनाव में सबको मिलकर लोकतंत्र बचाने का सवाल बड़ा है। आम आदमी पार्टी की सभा में खुद आपके साथ नाइंसाफी हुई पूछने पर यादव ने कहा कि जनहित में नाइंसाफी को ढोते रहना न्यायोचित नहीं है। कम वोटिंग सभी राजनीतिक दलों से मोहभंग के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई सांपनाथ तो कोई नागनाथ जैसे मुहावरे गलत हैं, मैं इससे असहमत हूं। सभी पार्टियों का चरित्र एक जैसा नहीं है। जनता में जागरुकता जरुरी है। पूर्व में सामाजिक कार्यकर्ता अभय दास, गौतम बंधोपाध्याय और ज्योति ने योगेंद्र यादव का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। जेपी नायर, कलादास डहरिया, चंद्रिका, पल्लवी, उमा व नीरा ने जनगीत सुनाया । कार्यक्रम का संचालन भारत जोडो अभियान के मेहरबान सिंह और आभार प्रदर्शन सुरेंद्र मोहंती ने किया।

## नंदिनी खदान ने दर्ज किया सर्वश्रेष्ठ लाइमस्टोन उत्पादन व प्रेषण रिकॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल-बीएसपी के नंदिनी खदान ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान उत्कृष्ट कार्य शैली को जारी रखते हुए सर्वश्रेष्ठ लाइमस्टोन उत्पादन और प्रेषण रिकॉर्ड दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2023–24 में खदान ने सर्वश्रेष्ठ लाइम स्टोन उत्खनन एवं उत्पादन कर, भिलाई इस्पात संयंत्र को लाइम स्टोन का उच्चतम प्रेषण किया है। वर्ष 2023-24 के दौरान नंदिनी खदान ने सर्वश्रेष्ठ 510579 टन उत्खनन, 400071 टन उत्पादन, 415745 टन डिस्पैच रिकॉर्ड दर्ज करते हुए, वित्त वर्ष 2007-08 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ को पार किया।नंदिनी खदान न केवल उत्खनन के क्षेत्र में अग्रणी है बल्कि सुरक्षा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में भी अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए वार्षिक खान सुरक्षा समारोह तथा खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह के दौरान कई पुरस्कार भी अर्जित किया है। नंदिनी खदान वर्ष 2016 अर्थात पिछले 8 वर्षोंर् से दुर्घटना मुक्त रहा है। इस कारण नंदिनी खदान को राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया है।

### ग्रामीणों को मिल रहा आधार सुविधा केंद्र का लाभ

**निकुम।** निकुम के ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहा है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर के प्रयास से आधार सुविधा केन्द्र खुलने से ग्रामीणों को कही भटकने की जरुरत नहीं पड़ रही है। वहीं जरुरी दस्तावेज लाने पर आसानी से आधार कार्ड बन रहा है। आधार कार्ड सेवा केन्द्र खुलने से क्षेत्र के ग्रामीण आधार कार्ड सेंटर में आकर नये आधार कार्ड ,सुधार ,अपडेट करा रहे है।




# भोजपुर गौरव सम्मान समारोह 18 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छग भोजपुरी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक नंदिनी रोड स्थित फर्नीचर शॉप में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 18 मई को बैकुंठधाम भिलाई में रात्रि 8 बजे से भोजपुर गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उप्र बिहार के मशहूर दो दलीय चैता का आयोजन होगा। छग भोजपुरी परिषद के मिडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि दो दलीय चेता में जंगी मुक़ाबला के तहत आरा के सुरेंश तिवारी व बलिया के सुरेन्द्र सिह के बीच रात भर ऐतिहासिक मुकाबला होगा। जिसे देखने व उसका आनन्द लेने प्रदेश के बाहर से भी लोग आएंगे।



■ छग भोजपुरी परिषद की बैठक में लिया गया निर्णय

### 51 हस्तियों को मिलेगा भोजपुर गौरव सम्मान

भोजपुर गौरव सम्मान के तहत 51 उन हस्तियों का सम्मान होगा। जिन्होंने छग में भोजपुरी की कला संस्कृतिक व मिट्टी की महक को बनाये रखने में अपना उल्लेखनीय योगदान दे रहे है। ऐसे लोगों का चयन एक प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में छग भोजपुरी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा, सचिव बीपी सिंह, कोषाध्यक्ष सुभाष शर्मा, मिडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, प्रेमप्रकाश मिश्रा, जवाहर दुबे, विजय नारायन चौबे, सम्भू पासवान, सुदर्शन शान्ति, सनोज चौधरी, मनोज चौधरी, मुकेश कुमार राम, राजीव रंजन शर्मा, कमलेश शर्मा, विवेक शर्मा, अरविंद शर्मा आदि मौजूद थे। संचालन बीपी सिह ने किया।

# डॉ. दिवाकर ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की ली सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, विधायक रिकेश ने किया स्वागत

वैशालीनगर विधानसभा के कैंप इलाके में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पार्षद डॉ. दिवाकर भारती के रूप में बड़ा नाम मिल गया है। डॉ. भारती अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय व विधायक रिकेश सेन की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। पूर्व सभापति राजेंद्र अरोरा ने इस मौके पर डॉ. दिवाकर भारती, कैंप मंडल मसीही समाज के अध्यक्ष एस बाला राजू का स्वागत किया। बैकुंठधाम कैंप क्षेत्र में गुरुवार को नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र अरोरा ने भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के समर्थन में एक बड़ी सभा आहुत की गई थी। सभा को पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने उपस्थितजनों से देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नेतृत्व सौंपने का आव्हान करते हुए कहा कि देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने मजबूत नेतृत्व के रूप में मोदी की आवश्यकता है। पांडेय ने भाजपा की सदस्यता लेने वाले जनप्रतिनिधियों का भी स्वागत किया। विधायक रिकेश सेन ने भी पार्टी प्रवेश करने वाले प्रतिनिधियों का स्वागत किया। पूर्व सभापति राजेंद्र अरोरा ने कहा कि कैंप क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल रिकार्ड मतों से लीड लेंगे और यहां नागरिक देशहित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ देंगे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कैंप क्षेत्र के लोग उपस्थित होकर भाजपा को जीतने का संकल्प लिया।







## ज्यादा से ज्यादा मतदान करने लोगों से अफसरों व जवानों ने की अपील

# लोकसभा चुनाव को लेकर सुपेला क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लोकसभा चुनाव को लेकर स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान कराने दुर्ग पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र बल द्वारा शहर में फ्लैग मार्च किया। भिलाई- दुर्ग शहर के सभी थाना क्षेत्र में जवानों के द्वारा, शहर के बाजारों, घनी आबादी वाले इलाको, कालोनियों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में जिले की सुदृढ सुरक्षा व्यवस्था के लिये, असामजिक तत्वों, गुंडे बदमाशों में कानून का डर बनाने के लिए, नशे के खिलाफ कार्रवाई करने, पुलिस ने शांतिपूर्ण मतदान की अपील की गई। दुर्ग पुलिस द्वारा 7 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान प्रक्रिया से पूर्व शांति व्यवस्था के लिए जिले में सख्ती के साथ कार्रवाई की जा रही हैं। सभी थाना क्षेत्रो में वाहन चेकिंग अभियान स्थाई पिकेट के माध्यम से की जा रही है। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखकर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनावी प्रक्रिया के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को रात में फ्लैग मार्च निकाला गया।

सुपेला थाना क्षेत्र के फ्लैग मार्च में एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, टीआई राजेश मिश्रा पुलिस टीम और केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवान शामिल हुए। पैदल फ्लैग मार्च वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में शहर के अन्य थाना क्षेत्रों में भी प्लैग मार्च निकाली गई।



### पुलिस ने असामाजिक तत्वों को दिया चेतावनी

इस दौरान पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर असामाजिक तत्वों को चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं करने को लेकर खबरदार किया गया। वहीं आम नागरिकों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की गई। पुलिस टीम द्वारा फ्लैग मार्च के माध्यम से आम नागरिकों को शांतिपूर्ण वातावरण का अहसास दिलाने के साथ साथ आसामजिक तत्वों को किसी भी अनैतिक गतिविधियों में शामिल होना पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 03 मई 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

04



लंदन की हरियाली

## लाइव इवेंट

# स्वच्छता की दी गई सीख पेंटिंग बनाने का सिखाया हुनर







■ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि रामनगर में समर कैंप का आयोजन

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय रामनगर, सडक 6 में आयोजित समर कैंप के तीसरे दिन बच्चों को पेंटिंग सरल ढंग से पेंटिग करने का हुनर सिखाया गया साथ ही मोटीवेशनल क्लास भी ली गई। इस दौरान मनीषा बहन ने बच्चों से सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी आधारित टेस्ट लिया, जिसमें जीतने पर बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस समर कैंप में विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों ने उमंग व उत्साह के साथ भाग लिया। ड्राइंग की विधियों को समझाते हुए रश्मि जुनेजा ने बच्चों को कैनवास पर ड्राइंग कर बारीकियों को समझाया। जिसमें सभी बच्चों ने विशेष रुचि दिखाते हुए बढ़तढ़ कर हिस्सा लिया। मनीषा दीदी ने बच्चों को स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर आधारित मोटीवेशनल अनमोल वचन उठो जागो और तब तक नहीं रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता का भावार्थ बताते हुए कहा कि हमें जो कुछ भी करना है, जो बनना है हम उस पर ध्यान नहीं देते और दूसरों को देखकर वैसा ही हम करने लगते हैं जिसके कारण हम अपने सफलता के लक्ष्य के पास होते हुए भी भटक जाते हैं इसीलिए यदि जीवन में सफल होना है तो सदा हमें अपनें लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। अपने को कमजोर मत समझो साथ ही खुद पर विश्वास करो। संस्था की मुख्य संचालिका ने बच्चों को जीवन का अर्थ समझाते हुए एक सुंदर जीवन जीने की कला बताई गई। समर कैंप का प्रत्येक दिन नए-नए ज्ञान से भरा होने के कारण बच्चे उत्साह और उल्लास के साथ उपस्थित होकर ऊर्जावान बन रहे है। रामनगर में समर कैंप का आयोजन शाम 5 से 7 बजे तक 5 मई तक किया जाएगा।

● गर्मी में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक का फेवरेट ड्रिंक है सत्तू पानी

# गर्मी में तनाव कम करने व स्वस्थ रहने सत्तू बना हेल्दी समर ड्रिंक, बॉडी को डिटॉक्स करके देगा राहत

**भिलाई।** गर्मी के मौसम आते ही हम खुद को गर्म वातावरण से बचाने के लिए तमाम उपाय करते हैं। ऐसा आहार लेते हैं जो हमारे शरीर को इस मौसम में पड़ रही भीषण गर्मी से राहत देते हैं। हम सभी जानते हैं इस मौसम में अधिकांश लोग खासकर युवा खुद को कूल रखने के लिए कोल्ड ड्रिंक्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन बाजार में उपलब्ध कोल्ड ड्रिंक्स के बजाय चने का सत्तू अधिक फायदेमंद होता है। डाक्टर्स का कहना है कि चने के सत्तू (चना और जौ का आटा) में फाइबर्स और कार्बोहाइड्रेट की पर्याप्त मात्रा होती है। जो हमारी सेहत के लिए रामबाण होता है। सत्तू हमें कई तरह की बीमारियों से भी बचाता है।

### पेय पदार्थों की बढ़ी रही डिमांड

इस साल पड़ रही तेज गर्मी में पेय पदार्थों का शहर में ट्रेंड बदला नजर आ रहा है। सिविक सेंटर, रिसाली, स्मृति नगर, पावर हाउस चौक सहित अन्य जगहों पर पहुंच रहे लोग ठंडे पेय पदार्थ के रूप में कोल्ड ड्रिंक के जगह अन्य कई चीजों की इस्तेमाल कर रहे हैं इससे यही लग रहा है कि गर्मियों के दिनों में पेय पदार्थों के ट्रेडिशन में बदलाव आया है। नींबू और नारियल पानी के साथ ही सत्तू की डिमांड बढ़ी है। अलग-अलग पेय की डिमांड शहर के चौपाटी और पार्कों के अलावा चौंक चौराहों में इन दिनों युवाओं की टोली और पारिवारिक सदस्यों को देखा जा सकता है। शाम के समय आने वाले लोगों को कई तरह के पेय पदार्थों का सेवन करते हैं इनमें मैंगो जूस, गन्ना रस और मिल्क शेक के अलावा नींबू पानी, मसाला चाय और कोल्ड कॉफी का आर्डर किया जाता है। अब पेय पदार्थों के ट्रेडिशन में बदलाव आया है। वहीं कोल्ड ड्रिंक की खपत में गिरावट देखी जा रही हैं।



### गर्मी के दिनों में लू लगने का सबसे बड़ा रहता है खतरा

जेपी चौक सुपेला में दुकान लगाने वाले जितेंद्र देवांगन ने बताया कि गर्मी के दिनों में लू लगने का सबसे बड़ा खतरा रहता है। सत्तू का सेवन करना लू से बचाता है। सत्तू से शरीर में ठंडक पहुंचती है, इसलिए यह लू की चपेट में आने से हमें बचाता है और स्वस्थ रखता है। इसमें पेट को ठंडा रखने के साथ ही कई तरह की पेट की बीमारियों को भी दूर करने वाले गुण होते हैं। सत्तू का खाली पेट सेवन करने से शरीर का तापमान कंट्रोल रहता है।

### कम शुगर और कैलोरी वाले ड्रिंक ज्यादा पसंद

काम के बीच गर्मी में दिमाग को ठंडा रखने और तनाव कम करने अब युवा कम शुगर और कैलोरी वाले पेय पदार्थ ज्यादा अपना रहे हैं। ट्विनसिटी में युवाओं के बीच ऐसी ड्रिंक पहली पसंद बनती जा रही है जो दिमाग को कूल और रीफ्रेश करता हो। शिकंजी, नारियल पानी, आम जूस के अलावा मसाला चाय, फिल्टर काफी सहित कोल्ड काफी भी पसंद किये जा रहे हैं। युवाओं में कोल्ड ड्रिंक का अलग ट्रेंड है। जिसकी डिमांड लगातार बढ़ रही है। गर्मियों में शीतल पेय और आइसक्रीम के अलावा अन्य खाद्य पदार्थों के कारोबार में इजाफा हुआ है। वर्तमान में शादियों का दौर भी चल रहा है जिसके वजह से आइसक्रीम, जूस और कोल्ड ड्रिंक की डिमांड बढ़ी है।



### त्वचा व बालों को रखता है स्वस्थ



होम्योपैथी डॉ संध्या चौधरी ने बताया कि चने के सत्तू का सेवन करने से हमारे शरीर को इंस्टेंट ऐनर्जी देता है। सत्तू में पाए जाने वाले मिनरल्स शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। आपके आहार में आयरन व प्रोटीन की कमी से त्वचा और बालों की कई समस्याएं होती सकती है। जिसे ठीक रखने में सत्तू फायदेमंद है। इसके अलावा चने के सत्तू में पाई जाने वाली प्रोटीन लीवर के लिए फायदेमंद होती है। इसके अलावा मोटापा कम किया जा सकता है। लोग कई बार भूखे रहकर मोटापा कम करने की कोशिश करते हैं। चना और जौ का सत्तू शरीर में एक्स्ट्रा ग्लूकोज की मात्रा को भी कम करता है। जिसके चलते डायबिटीज के मरीजों के लिए सत्तू बहुत उपयोगी है। यही कारण है कि मजदूर वर्ग के लोग गर्मी में सत्तु का उपयोग करते हैं। इससे उन्हें दोपहर में कार्य करने के लिए ऐनर्जी मिलती है।

## सिटी इवेंट

# पालकों व स्टूडेंट्स को मानसिक तनाव प्रबंधन के बताएं गुर



**भिलाई।** शाला स्तर पर बोर्ड कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों व पालकों की दक्षता विकास कार्यक्रम के अंतर्गतमें परीक्षा परिणाम घोषणा के पूर्व विद्यार्थियों के मानसिक तनाव प्रबंधन के संदर्भ में शासकीय उच्त्तर माध्यमिक शाला केम्प 1 द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला में पालकों से मानसिक तनाव प्रबंधन विषयक को प्रोजेक्टर द्वारा समझाया गया। जिसके अंतर्गत परीक्षा विशेषज्ञों ने बताया कि तनाव एक आम मानसिक भावना है। जिसे हम अलग अलग परिस्थितियों में महसूस करते है। इसके लक्षणों जैसे चिड़चिड़ापन, ज्यादा क्रोध आना, अचानक घबराहट बढ़ जाना, लगातार सर दर्द होना या थकान महसूस करना, जैसे तमाम मुद्दों पर चर्चा की गयी। मानसिक तनाव के कारण शारीरिक लक्षण में बदलाव आता है। इसी शारीरिक बदलाव के कारण हमारे स्वभाव या व्यवहार में बदलाव आता है। मानसिक लक्षण जैसे याददाश्त, एकाग्रता की समस्या, निर्णय लेने की क्षमता का अभाव, निराशावाद एवं लगातार चिंता करने के कारण भावनात्मक लक्षण अवसाद, व्याकुलता, अकेलापन उत्पन्न होता है। इन लक्षणों को दूर करने के लिए पालकों को शांति एवं सकारात्मक तरीके से अपने अपने पाल्य की मानसिक दशा को समझने का अनुरोध किया। इसी क्रम में राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद् रायपुर एवं छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुई बैठक में प्रसारित मनोरोग विशेषज्ञों की चर्चा के वीडियो क्लिप भी दिखाये गए।



### एक दिवसीय कार्यशाला में 56 प्रतिभागी

इस एक दिवसीय कार्यशाला में 26 पालकों, 22 शिक्षकों और 18 विद्यार्थियों सहित कुल 56 प्रतिभागी उपस्थित रहे। इसी क्रम में शाला की प्राचार्य जया तिवारी ने कहा कि संवेदनशील परिस्थितियों में अपने पाल्य की मानसिक स्थिति को समझते हुए उनसे सकारात्मक व्यवहार रखे। कार्यक्रम का संचालन एवं क्रियान्वयन रत्ना साहू एवं सुषमा सिंघल ने किया।

# उगादी मिलन समारोह में बाल कलाकारों ने दी भरतनाट्यम की शानदार प्रस्तुति

**भिलाई।** तेलुगु कल्याण समिति के तत्वावधान में उगादी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अप्पाराव ने की। विशेष अतिथि में राजेश्वरी रेही पूर्व पार्षद, चन्ना केशवलुजी, डी. मोहनराव , के, उमाशंकर राव, भानुजी राव उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बाल कलाकारों द्वारा भरतनाट्यम प्रस्तुति दी गई। गायक कलाकारों द्वारा गायन प्रस्तुत किया गया। समिति के अध्यक्ष अप्पाराव ने कहा कि उगादी पर्व को दक्षिण भारतीय लोग बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।



### उगादी तेलुगु नववर्ष एक नए युग की शुरूआत का प्रतीक

उगादी तेलुगु नववर्ष एक नए युग की शुरूआत का प्रतीक है। इस दिन खहा, मीठा और नीम के पत्तो का सेवन जैसे अनुष्ठानों के साथ मनाया जाता है। मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन ने कहा कि तेलुगु समाज द्वारा अपनी संस्कृति बनाए रखने के लिए विविध सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम करते रहते है। बीएसपी के निर्माण काल से ही भिलाई के विकास में तेलुगु समाज का भी योगदान रहा है। कार्यक्रम को पूर्व पार्षद राजेश्वरी रेड्डी ने कहा कि समिति द्वारा प्रतिवर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित चन्ना केशवलु, डी. मोहन राव, के. उमाशंकर राव, भानुजी राव आदि ने भी उगादी पर्व की बधाई दी।

# एसएमएस-2 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई।** सेल-बीएसपी में शिरोमणि पुरस्कार योजना के तहत उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी के तहत स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में विगत दिनों शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक एसके घोषाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह में जनवरी से मार्च 2024 तिमाही के लिए प्रबंधक अंकित सतपथी को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। मार्च 2024 के लिए मास्टर टेक्नीशियन वी रामा राव, चीफ मास्टर टेक्नीशियन अवधेश कुमार तथा ओसीटी बीके सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए कर्म शिरोमणी सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथियों महाप्रबंधक योगेश शास्त्री, महाप्रबंधक एन श्रीकान्त, महाप्रबंधक सौरभ जैन, महाप्रबंधक के राजकुमार, सहायक महाप्रबंधक एनपी टोप्पो उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित विशेष अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। संचालन उप प्रबंधक सिकन्दर इन्दोरिया ने किया।

भिलाई-दुर्ग में 29वें चेप्टर का 5 मई को होगा शुभारंभ

# सेवाकार्यों का विस्तार करने जैन इंजीनियर्स सोसायटी के भिलाई-दुर्ग चेप्टर का होगा शुभारंभ

कार्नर न्यूज

भिलाई। समाज सुरक्षा, उत्थान, उन्नयन व कतर्व्य के लिए हर व्यक्ति अपने स्तर पर तथा शासन-प्रशासन के सहयोग से सदैव तत्पर रहता है, साथ ही निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत भी विभिन्न स्तर पर ऐसे प्रयासों के माध्यम से समाज में परिवर्तन निरंतर ही देखा जाता है। इसके बाद भी उच्च शिक्षित इंजीनियर्स अपने श्रम व कौशल के माध्यम से समाज में अतिशीघ्र बदलाव व उन्नयन कराने में सक्षम हैं तथा ऐसे कार्यों की समाज के हर वर्ग को आवश्यकता भी है।



**निरंतर जारी है 22 वर्षों से:** अखिल भारतीय स्तर पर जैन इंजीनियर्स सोसायटी फांउडेशन के अन्तर्गत 28 विभिन्न शहरों में समाज सुरक्षा, उत्थान सहित यह सभी कार्य पिछले 22 वर्षों से निरंतर किये जा रहे है। इसी क्रम में 29वें चेप्टर के रूप में भिलाई-दुर्ग चैप्टर का शुभांरभ एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन दिनांक रविवार को सुबह 11 बजे से जैन भवन, श्री दिगम्बर जैन मंदिर नेहरू नगर, भिलाई में किया जाएगा। आयोजन के संबंध में यह जानकारी संस्था के सचिव अनेकांत जैन, टीम जे. ई. एस. भिलाई-दुर्ग ने दी।

**सेवाभावी जन किए जाएंगे सम्मानित:** अंचल को विगत अनेक वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे इंजी. अरविंद-कनिका जैन भिलाई इंजीनियरिंग कार्पोरेशन, इंजी. सुरेंद्र चंदा जैन से. नि. कार्यपालक निदेशक, बीएसपी, इंजी. धरमचंद-विमला लुनिया पद्मनाभपुर, इंजी. सनत-मालती जैन वैशाली नगर, इंजी, पन्ना लाल- स्नेहलता पारख नेहरु नगर, इंजी. सुरेन्द्र कुमार-कुसुम जैन से.नि. उपमहाप्रबंधक मेकांन को नवीन शाखा में वरिष्ठ सलाहकार एवं संरक्षक के रूप में पदेन किया गया है साथ ही इनकी विशिष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया जायेगा। शपथ ग्रहण समारोह के अंतर्गत नवीन शाखा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव कोषाध्यक्ष एवं अन्य समितियों के प्रभारियों को उनके पद अनुरूप शपथ दिलाई जाएगी।

### वरिष्ठजन देंगे व्याख्यान

इस दौरान आयोजनकर्ताओं ने बताया कि कार्यक्रम के लिए फाउंडेशन के वरिष्ठ पदाधिकरी भी शिरकत करेंगे। जिसमें इंदौर सेन्ट्रल जोन के चेयरमैन इंजी. देवेन्द्र सपना जैन, उपाध्यक्ष इंजी. शरद-विजया सेठी, भोपाल अध्यक्ष इंजी. सुनील-अनिता जैन एवं अन्य कई स्थानों से इंजीनियर्स इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति व फांउडेशन के विगत कार्यों व कार्य प्रणाली पर अपना व्याख्यान देगें।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरज बाकलीवाल महापौर नगर निगम दुर्ग, मुनिश्री प्रमाणसागर द्वारा संचालित शंका समाधान कार्यक्रम के फेम संचालक पंडित सुदर्शन जैन उपस्थित रहेंगे। अब तक इस सोसायटी के अंतर्गत भिलाई-दुर्ग अंचल के 75 से अधिक इंजीनियर साथियों ने अपना पंजीयन करा लिया है। पत्रकार वार्ता के दौरान सदस्यों ने बताया कि इस सोसायटी के अंतर्गत युवा व अनुभवी इंजीनियर द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, लोककला संरक्षण, वृद्ध जनसेवा, नैतिक शिक्षा एवं करियर कांउसलिंग आदि कार्यों को प्रमुखता से संचालित कर जन सामान्य तक पहुँचाने की योजना बनाई जा रही है, जिसका लाभ स्कूली बच्चों, बेरोजगार युवाओं व जरूरतमंद लोगों को मिल सकेगा।

## सिटी इवेंट

# राहगीरों के कंठ को तर करने शरबत का किया वितरण



**भिलाई।** लीनेस क्लब के चार्टर दिवस के अवसर पर लीनेस क्लब दुर्ग तेजस्विनी के तत्वावधान में सेवा भाव से राहगीरों को शरबत का वितरण किया गया। सेक्टर 10 पेट्रोल पंप के पास तपती गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से क्लब की सदस्याओं द्वारा शरबत और जलजीरा पिलाने की व्यवस्था की गई। सामान्य जनों के लिए शरबत व डायबीटीज के मरीजों को जलजीरा पिलाने की व्यवस्था भी की गई थी। इस नेक कार्य में क्लब के पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान लगभग एक हजार से अधिक लोगों को शरबत पिलाया गया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष किरण सिंह, सचिव अर्चना साहू, कोषाध्यक्ष नम्रता सिंह, फाउंडर मेंबर शबाना नाज व गीता प्रसाद का भी विशेष योगदान रहा।



● कार्य करने का रखे जूनून, जो आपको बनाएगा विशेषः अनिता

# आकर्षक कट आउट से दिया मानवता का संदेश, उत्कृष्ट सेवाकार्य से क्लब हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** एक प्याऊ में पानी पिलाती महिला तथा पीकर तृप्त होते राहगीर, पक्षियों के लिए पेड़ पर मिट्टी के सकोरों में जल व दाना रखकर एवं घने पेड़ की छाया में आराम करते राहगीरों के आकर्षक कट आउट जीवन की वास्तविकता को प्रकट कर जीवन में मनुष्यों के साथ बेजुबांनों के लिए सेवा कार्य करने का संदेश दे रहे थे। कार्यक्रम को एक नया रूप भिलाई ग्रेट ने प्रेषित किया। दि एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स ऑफ इंडिया डिस्ट्रिक्ट 323 जी 3 का एरिया कॉन्फ्रेंस आरोही का आयोजन एरिया ऑफिसर सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट अनिता अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डॉ कृतिका ज्ञानी, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष ऊषा अग्रवाल, सह-कोषाध्यक्ष भारती अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट सह सचिव अनिता पांडेय, डिस्ट्रिक्ट एडीशनल पीआरओ सरोज अग्रवाल तथा आयोजन अध्यक्ष रितु अग्रवाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत भारतमाता के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई। ध्वज वंदना लता अग्रवाल ने की। स्वागत भाषण आयोजन अध्यक्ष रितु अग्रवाल ने दिया। शिवानी अग्रवाल ने गणेश वंदना पर नृत्य एवं स्वागत गीत संगीता फराजखानवाले, अनिता गुप्ता, सुनीता अग्रवाल एवं रश्मि जैन ने प्रस्तुत किया। एरिया ऑफिसर सुनीता शर्मा ने उनके एरिया के अन्तर्गत आने वाले सभी पांच क्लबों के सदस्यों का स्वागत किया एवं उनके कार्यों की सराहना की।



### समाज को देते है मानवता का संदेश



उन्होंने कहा कि हम सब एक परिवार हैं और हमारे परिवार का हर सदस्य अपना दायित्व बखूबी निभा रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ कृतिका ज्ञानी ने कहा कि यदि हम कोई काम शिद्दत से करने की सोचते हैं तो सारी कायनात हमारे उस कार्य को पूरा करने में जुट जाती है, इसलिए हमारी सोच अच्छी होनी चाहिए।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनिता अग्रवाल ने कहा कि हमारे अंदर कार्य करने का जुनून होना चाहिए, वो जुनून ही हमें सामान्य से विशेष बनाएगा। समारोह को खास बनाने और समाज को मानवता का संदेश देने के लिए कार्यक्रम स्थल में विशेष साज सज्जा के दवरा संदेश देने के उद्देश्य से पक्षियों के लिए पेड़ पर मिट्टी के सकोरों में जल व दाना रखकर एवं घने पेड़ की छाया में आराम करते राहगीरों को दर्शाया गया। इस अवसर पर क्लब भिलाई ग्रेट, क्लब भिलाई वीनस, क्लब भिलाई अक्षरा, क्लब भिलाई आकृति एवं क्लब रायपुर दिवास के सदस्यों ने बैनर प्रजेंटेशन भी किया। एरिया कॉन्फ्रेंस में एरिया ऑफिसर सुनीता शर्मा ने सभी क्लब के सदस्यों को अवॉड्र्स देकर सम्मानित भी किया।

### ये क्लब हुए सम्मानित

सर्वश्रेष्ठ क्लब वी क्लब भिलाई ग्रेट, सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष कविता गोयल, वी क्लब भिलाई वीनस, सर्वश्रेष्ठ सचिव वी मंजू बंसल वी क्लब भिलाई ग्रेट, सर्वश्रेष्ठ कोष संचालन भारती अग्रवाल, सर्वश्रेष्ठ माइक्रो चेयरपर्सन प्रभा पटेल, सर्वश्रेष्ठ बैनर प्रजेंटेशन वी क्लब रायपुर दिवास, बेस्ट ड्रेस वी क्लब भिलाई ग्रेट, सर्वाधिक उपस्थिति वी क्लब भिलाई वीनस, सर्वाधिक सक्रिय सदस्य वी सुनीता बल्लेवार को एरिया ऑफिसर अवॉड्र्स देकर सम्मानित किया। पांचों क्लबों के सदस्यों ने मिलकर एरिया ऑफीसर का शॉल श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन मंजू बंसल सचिव भिलाई ग्रेट तथा आभार प्रदर्शन भावना गुल्हाने ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## समाज इवेंट

# श्रमवीरों का साथ देने की ली गई शपथ, किया भोग वितरण



**भिलाई।** श्रम दिवस के अवसर पर हिंदू युवा मंच की इकाई श्रमशक्ति द्वारा भव्य यज्ञ-हवन एवं महा भोग वितरण किया गया। भारत के श्रमवीर के समर्थन में श्रम वीरों के हित के लिए प्रदेश की सबसे बड़ी हिंदूवादी संगठन हिंदू युवा मंच की इकाई श्रमशक्ति के तत्वावधान में श्रम वीरों के स्वालंबन, सहकार, सुरक्षा, सम्मान सेवा, स्वाभिमान, समरसता एवं श्रम वीरों के संघर्ष के लिए हैवी इंडस्ट्री हाथखोज में श्रम शक्ति हिन्दू युवा मंच ने काफी संख्या में उपस्थिति दर्ज की। मंच के कार्यकर्ताओं के द्वारा यज्ञ-हवन एवं महा भोग वितरण किया गया। कार्यक्रम के पश्चात प्रदेश प्रमुख गोविंद राज नायडू ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर श्रमशक्ति के जिला संयोजक संतोष मिश्रा, सहसंयोजक ओमी पटेल, विकास तांडी, गुलशन सिंह, आचार्य सत्यम शुक्ला, रोशन यादव, हनी वर्मा, टिकेंद तुरकाने, टोमन यादव, रोहित सेंगर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## तेरापंथी सभा आयोजन

# विपुल प्रज्ञा ने भक्तांबर पाठ का किया वाचन, बताई पाठ की महिमा



**भिलाई।** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के शांति दूत आचार्य महाश्रमण की शिष्या समणी निर्देशिका विपुल प्रज्ञा एवं समणी आदर्श प्रज्ञा के नवकार भवन, ऋषभ कॉलोनी दुर्ग में अल्प कालीन प्रवास दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर आज सुबह 8.30 से भक्तांबर (रिद्धि मंत्र, सिद्धि मंत्र) का दिव्य महा अनुष्ठान आयोजित किया गया। समणी निर्देशिका विपुल प्रज्ञा ने भक्तांबर पाठ का वाचन करते हुए इसकी विशिष्ट महिमा को प्रतिपादित किया। इसके रचनाकार आचार्य मांगतुंग का स्मरण किया। काफी संख्या में दुर्ग व भिलाई के श्रावक-श्राविकाएं अनुष्ठान में सम्मलित होकर लाभान्वित हुए। तेरापंथ धर्मसंघ के नवम आचार्य तुलसी द्वारा प्रवर्तित अणुव्रत आन्दोलन के चुनाव शुद्धि अभियान का पोस्टरों द्वारा प्रचार-प्रसार कर जन जन को जागरूक करने का कार्य किया गया।

### जीवन परिचय से कराया अवगत

तेरापंथी सभा के मंत्री संजय चोपड़ा ने आचार्य महाश्रमण के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए समणी द्धय का अभिनंदन किया। महिला मंडल अध्यक्षा विनीता बरडिया ने समणीजी के जीवन परिचय से अवगत कराया। भक्तांबर अनुष्ठान में उपस्थित बड़ी संख्या में ध्यानमग्न श्रावक-श्राविकाएं अभिभूत हुए। भक्तांबर अनुष्ठान के अवसर पर सभी धर्मानुरागियों ने त्याग-तपस्या के प्रत्याख्यान किए। कार्यक्रम में तेरापंथ सभा के अध्यक्ष देवेंद्र बरमेचा, मंत्री संजय चोपड़ा, महिला मंडल अध्यक्षा विनीता बरडिया, मंत्री श्वेता बरमेचा, युवक परिषद अध्यक्ष मुदित दुधोडिया, मंत्री ऋषभ बरमेचा, पंकज पोरवाल, सुनील दुग्गड़, विजय कोठारी, सुगनचंद संचेती, तिलोक चंद बरमेचा, राजेंद्र बरमेचा, जीवन श्रीमाल, दिलीप बरमेचा, निर्मल श्रीमाल, आशा दुग्गड, वंदना कोठारी सहित अनेक जन उपस्थित थे।

## सर्वधर्म सेवा संस्था का आयोजन

# श्रमवीर सफाई कर्मियों को प्रोत्साहित करने सामाजिक संगठन ने किया सम्मानित



### मतदान करने दिलाई शपथ

**भिलाई।** सामाजिक संगठन सर्वधर्म सेवा संस्था द्वारा श्रमिक दिवस पर श्रीराम मंदिर हॉल, हुडको में वार्ड 69 व 70 के 47 पर्यावरण के प्रथम प्रहरी, सफाई कर्मचारी मित्रों का सम्मान गमछा, पानी का बोटल व मिठाई देकर अतिथियों द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित सफाई मित्रों, संस्था के सदस्यों व हुडको के गणमान्य नागरिकों को मतदान जागरूकता अभियान के तहत अपने परिवार सहित मतदान करने व अन्य लोगों को मतदान करने प्रोत्साहित करने का संकल्प संस्था की अल्का दास द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में अतिथि पार्षद सीजू एंथोनी, दिनेश यादव, संजय दानी, शहाना कुरैशी, नरेन्द्र बंछोर सेफी अध्यक्ष, बालू राम वर्मा, सुरेंद्र पाल सिंह अध्यक्ष गुरुद्वारा कमेटी नेहरू नगर, जावेद खान, राजेश्वर राव उपस्थित रहे। सभी ने सफाई मित्रों का आभार व्यक्त करते हुए, उनको मिल रहे कम वेतन पर चिंता जताई। कार्यक्रम में संस्था व हुडको के सुरेश खांडवे, शिवाकांत गिरी, प्रकाश गवांडे, वसंत सालनकर, योगेंद्र शर्मा, रमेश प्रजापति, राहुल भोसले, गगन त्रिपाठी, राबर्ट, भेखराम साहू, मोहन गिरी, दिलीप उमरे, अमरजीत सिंह चहल, महेंद्र यादव, निर्मला रत्नाकर, सुधा शर्मा, फरीदा बेगम, बाबी दिलिवार, गायत्री गोस्वामी, अलका दास, ज्योति भोई, रजनी ब्लेइया सहित उपस्थित जनों ने अपने श्रमवीरों पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुरुआत संस्था के महासचिव राकेश रत्नाकर व संचालन संस्था के अध्यक्ष प्रतीक भोई ने किया। कार्यक्रम में सफाई मित्र वी. के. सेमूवल, हरिश चंद्र बारले, डी. मुसल्या, देवेंद्र ठाकुर, सूर्यकान्त देशमुख, गजेंद्र साहू, मसूद खान, अर्जुन, अशोक, रोहित, शत्रुघ्न, एन. डेविड, डी. अब्राहम, भूपेंद्र, अवध, नोहर दास, रवि, कमल, नरेन्द्र, हीरामन, बलवंत, सुकालु, राम नवल, किशन दास, नागेश्वर, अघनु, मनोज, सुनील, हवीन, जसवंत, कुभकरण, महिपाल, दीपक, अभिषेक, निखिल, सरिता, अप्पा राव, लेखु, शेपु, महेंद्र, पवन, ज्योति, दशमी, योगराज, रामायण, पीतांबर, बाल नरसैया सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

## आयोजन इवेंट

# मां शीतला मार्केट सब्जी विक्रेताओं ने कहा रखेंगे नेवता का मान



**दुर्ग।** तीसरे चरण के 7 मई के मतदान के लिए अब 5 दिन शेष हैं। दुर्ग जिला कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी, जिला नोडल अधिकारी एवम स्वीप कमेटी मार्गदर्शन में जागरूकता भी अब तेज गति से जारी है। इस कड़ी में पर्यावरण सामाजिक कार्यकर्ता एवम स्वीप वॉलंटियर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने शीतला सब्जी मार्केट में संपर्क कर सब्जी विक्रेताओं को हल्दी पीला चावल युक्त मतदान नेवता पत्र सम्मान के साथ दिया तथा सबसे अनुरोध किया 7 मई को सारे काम छोड़कर मतदान पहले करें। मतदान नेवता पाकर सभी खुश नजर आए। कुछ लोगों ने कहा ऐसा पहली बार देख रहे हैं। कुछ ने कहा मतदान नेवता का रखेंगे मान, करेंगे सब लोग मतदान।

### सभी ने लगाए जागरूकता के नारे

इसके पश्चात हाथों में मतदान जरूर करें लिखी तख्तियां लिए मतदाता शपथ लिया तथा मतदान जागरूकता के नारे भी लगाए। मां शीतला सब्जी मार्केट के अध्यक्ष राजा चेलक, श्रीराम फूटान, विनोद साहू, राजा साहू, रोहित यादव, कोमल साहू, उषा वर्मा, लक्ष्मी साहू सहित सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग मिला। इसी तरह महाराजा चौक के पास सब्जी विक्रेताओं ने भी तेज धूप में बड़े उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लिए, जागरूकता नारे लगाए। मतदाता शपथ लिए तथा सबने एक साथ कहा पहले वोट देंगे, उसके बाद दुकान खोलेंगे। नारायण यादव, अशोक समाजदार, अन्ना सहित सभी सब्जी विक्रेताओं का सहयोग रहा। सबसे पहले मतदान उसके बाद दूसरा काम। यहां भी डॉक्टर पाणिग्राही ने हल्दी पीला चावल युक्त मतदान नेवता सम्मान के साथ सब्जी विक्रेताओं तथा ग्राहकों को दिया।

## कार्नर न्यूज

एक्सरसाइज मन को स्वस्थ रखने के लिए मेडिटेशन-धारणी बहन

# समर कैंप में एकाग्रता की शक्ति से मनचाही सफलता-ब्रह्माकुमारी रेणु



**दुर्ग।** जीवन में हमारे विचारों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है, जैसा विचार हम करते हैं उसके अनुरूप ही हमारा जीवन होता जाता है। एक साधारण किसान का बेटा एक विचार से अमेरिका का राष्ट्रपति बन सकता है व एक साधारण बालक नरेंद्र से स्वामी विवेकानंद बनाकर सारे विश्व में प्रख्यात हो सकता है तो आप बच्चे भी जीवन में मनचाही उपलब्धि को प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए आवश्यक है, अपने विचारों को शक्तिशाली बनाएं। यह विचार ब्रह्माकुमारी रेनू बहन ने राजऋषि भवन केलाबाड़ी दुर्ग में कक्षा 7 व 8 के लिए चल रहे समर कैंप में बच्चों के समक्ष रखे।



### संकल्प व विचार होंगे शक्तिशाली

उन्होंने आगे बताया कि विचारों की गति जितनी कम होगी उतने ही संकल्प व विचार शक्तिशाली होंगे और संकल्पों की गति को कम करने में राजयोग मेडिटेशन अत्यंत ही प्रभावी उपाय है। इसके द्वारा ही हम स्वयं के अवचेतन मन को जागृत कर चमत्कारिक परिणाम पढ़ाई में खेल में या अन्य किसी भी विधा में प्राप्त कर सकते हैं। आपने बताया जैसे एक वाक्य है मैं बुद्धिमान हूं सफलता का स्टार हूं इसे हम आध्यात्मिक भाषा में स्वमान कहते हैं, इस स्वमान को प्रतिदिन सात बार सुबह उठते ही और रात को सोने के पहले रिपीट करें तो आप पाएंगे इससे स्वयं के आंतरिक शक्ति में वृद्धि हो रही है, एकाग्रता बढ़ रही है ऐसे भिन्न-भिन्न अच्छे अच्छे अनुभव होने लगेंगे।

### खान-पान की दी जानकारी

विद्यार्थियों को आहार के विषय में जागृत करने आज के सत्र में डाइटिशियन पूनम रत्नानी ने बताया कि कहा जाता है जैसा अन्न वैसा मन, अन्न हमारे विचारों को शांत खुश व शक्तिशाली बनाने में बहुत सहायक होता है। वर्तमान समय फास्ट फूड, जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक का चलन बहुत ज्यादा है, जो हमारे स्वास्थ्य को धीरे-धीरे कमजोर करता जाता है अनेक लोगों में भ्रांतियां है। नॉनवेज खाने से बहुत प्रोटीन मिलता है व स्वस्थ रहते हैं, किंतु उससे अधिक प्रोटीन शाकाहारी भोजन से प्राप्त होता है। यदि हम अपनी भूख मिटाने के लिए किसी को दर्द या तकलीफ देकर हम उसे अपना आहार बनाते हैं या उसे हम अपने आहार में शामिल करते हैं तो उस भोजन से हम कभी भी खुश व शांत नहीं रह सकते उसके दर्द के प्रकम्पन्न उस भोजन में पहुंचकर चिंता व भय उत्पन्न करेगा।

### 110 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया

प्रकृति ने हमें प्रचुर मात्रा में शाकाहारी चीज खाने को दिया है तो हम अपने स्वाद के लिए क्यों किसी ऐसी चीज को ग्रहण करें जो किसी को दर्द तकलीफ दे। आपने सभी बच्चों को शाकाहारी बनने की प्रेरणा दी तथा रात्रि जल्दी सोने व सुबह जल्दी उठने के फायदे भी बताये कार्यक्रम में संगीतिक व्यायाम कराते हुए धारनी बहन ने बताया शारीरिक व्यायाम से तन स्वस्थ होता है तो राजयोग मेडिटेशन से मन स्वस्थ होता है इसके लिए दोनों को प्रतिदिन करना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में आज चित्रकला का आयोजन किया गया जिसमें 110 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद और प्लेट कंबाइंड की क्रिकेट में जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा सीनियर एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट टी 20 टुर्नामेंट का आयोजन 26 अप्रैल से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें दो ग्रुप में विभाजित की गई है। ग्रुप ए का नौवां टी-20 मैच 02 मई गुरुवार को दुर्ग तथा बिलासपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। जिसमें दुर्ग ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बिलासपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 19.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाये। जिसमें पवन परनाते ने 52 रन तथा अभिजित ताह ने 38 रनों का योगदान दिया। दुर्ग की ओर से लुभांश सिंह ने 4 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुर्ग की टीम 18.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 96 रन ही बना पायी। दुर्ग की ओर से आदित्य सिंह ने 55 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से ओम वैष्णव ने 4 विकेट तथा श्रेयम सुंदरम ने 3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ने मैच 45 रनों से जीत लिया। ग्रुप ए का दसवां टी-20 रायपुर तथा जशपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। जिसमें रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ने 19.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाये। जिसमें शाश्वत शारदा ने 30 रन तथा अनुज तिवारी ने 29 रनों का योगदान दिया। जशपुर की ओर से अवधेश कुमार ने 3 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जशपुर 18.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 135 रन ही बना सकी। जशपुर की ओर से अभिषेक सिंह ने 34 रन बनाये। रायपुर की ओर से आशीष चौहान तथा उत्कर्ष तिवारी ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ने मैच 29 रनों से जीत लिया। ग्रुप बी का नौवां टी 20 मैच महासमुंद तथा बिलासपुर ब्लू के मध्य सेक्टर 10 ग्रांउड, बी एस पी भिलाई में खेला गया। जिसमें महासमुंद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। महासमुंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 254 रन बनाये। जिसमें शशांक चंद्राकर ने 131 रन तथा कृतेश साहु ने 71 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर ब्लू की ओर से इम्तियाज एवं रवि ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर ब्लू 17.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 128 रन ही बना पायी। बिलासपुर ब्लू की ओर से नावेद ने 29 रन तथा सुयश ने 28 रन बनाये। महासमुंद की ओर से नमन ध्रुव तथा इसहाक खान ने 3-3 विकेट लिए। महासमुंद ने 126 रनों से यह मैच जीत लिया।

### सीनियर एशियन कुराश चैंपियनशिप के ट्रायल में निर्णायक बनाए गए आदित्य और बैजनाथ



**रायपुर।** ईरान ( तेहरान) में जून माह में आयोजित होने वाली सीनियर एशियन कुराश चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुराश टीम का सलेक्शन ट्रायल पुणे (येरवडा) के डिविजनल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 4 और 5 मई को आयोजित किया जायेगा।जिसमें छत्तीसगढ़ के अंतराष्ट्रीय निर्णायक आदित्य सिंह एवं बैजनाथ गुप्ता को ट्रायल में बतौर निर्णायक की अहम भूमिका निभाने के लिए अंतराष्ट्रीय कुराश महासंघ तकनिकी निर्देशक रवि कपूर द्वारा नियुक्त किया गया है।

### राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता हेतु जिले का चयन ट्रायल कल




**रायपुर।** वुशु एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा राजनांदगांव में आयोजित 15 वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु कोरबा जिले की टीम का चयन ट्रायल का आयोजन 4 मई को सुबह 8 से 11 बजे तक किया जाना है। कोरबा जिला वूशु एसोसिएशन के सीईओ सियाराम बंजारे ने बताया कि उक्त सलेकशन ट्रायल में जिले के सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक बालिका खिलाड़ी निशुल्क भाग ले सकते है। खिलाड़ियों को सेफ्टी इक्विपमेंट, आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र अपने साथ लेकर प्रतियोगिता स्थल पर लाना होगा। चयन ट्रायल में पर्यवेक्षक के रूप में ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ मार्शल आर्ट प्रशिक्षक तारकेश मिश्रा उपस्थित रहेंगे। राज स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित खिलाड़ियों को जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान एवं सचिव डी सुरेश क्रिस्टोफर द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

---

**आंखों में सूखापन आगे बन सकता है अंधेपन की वजह**

# गर्मियों की कुछ आदतें बढ़ा सकती हैं आंखों में सूखापन, बचाव बेहद जरूरी

ड्राई आइज यानी आंखों में सूखापन की स्थिति अंधेपन का कारण बन सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया लोगों में बढ़ते स्क्रीनटाइम के कारण ड्राई आइज की दिक्कत बढ़ने का खतरा इन दिनों सबसे अधिक देखा जा रहा है, इसके अलावा गर्मियों की एक आदत भी इस जोखिम को बढ़ाने वाली पाई गई है। इतना ही नहीं जिन लोगों को पहले से ही आंखों में सूखापन की दिक्कत रही है उनके लिए समस्याओं के और भी बढ़ने का खतरा हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, एयर कंडीशनिंग (एसी) में ज्यादा समय बिताने वाले लोगों में आंखों के सूखापन बढ़ने का जोखिम अधिक देखा जा रहा है। एसी की हवा वातावरण में शुष्की बढ़ा देती है जिसका न सिर्फ आंखों की दिक्कतें बढ़ जाती हैं साथ ही सांस से संबंधित समस्याओं का भी खतरा हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि एसी भले ही गर्मियों में आरामदायक माहौल देती है पर इसके अधिक इस्तेमाल से बचा जाना चाहिए।



### एसी के कारण बढ़ सकती हैं आंखों की दिक्कतें

क्या आप भी एसी में कुछ समय बिताने के बाद आंखों में जलन, किरकिरापन, चिपचिपाहट, खुजली महसूस करते हैं? अगर हां तो सावधान हो जाइए ये ड्राई आइज समस्या का संकेत हो सकती है। डॉक्टर बताते हैं ड्राई आई सिंड्रोम या आंखों में सूखापन बढ़ने की स्थिति, आंसू की परतों में होने वाली दिक्कत या आंसू के उत्पादन की कमी को दर्शाता है। एसी वाले स्थान जहां तापमान बहुत कम होता है वहां वातावरण में नमी की भी कमी हो जाती है। हवा में शुष्की बढ़ने के कारण आंखों में मौजूद आंसू का भी वाष्पीकरण होने लगता है जिससे आंखों में सूखापन की समस्या बढ़ने लग जाती है।

### आंखों की नमी कम होना समस्याकारक

डॉक्टर बताते हैं, आंखों को स्वस्थ रखने के लिए वातावरण का तापमान ज्यादा कम या अधिक नहीं होना चाहिए। यहीं कारण है कि सिर्फ एसी ही नहीं सर्दियों में हीटर के भी अधिक इस्तेमाल के कारण भी आंखों में सूखापन का खतरा बढ़ जाता है। आंखों के गोलक को हाइड्रेटेड रहने और आरामदायक तरीके से चारो तरफ घूमने के लिए नमी की आवश्यकता होती है। इसीलिए आंखों में प्राकृतिक रूप से आंसू का उत्पादन होता रहता है। हालांकि तापमान में बदलाव के कारण आंसू के उत्पादन प्रभावित हो जाता है जिसके कारण आंखों में दर्द, लालिमा, जलन का खतरा बढ़ जाता है।

वातानुकूलित कमरों में ज्यादा समय बिताने से बचें। एसी का तापमान 23 डिग्री सेल्सियस से कम नहीं रखा जाना चाहिए। अपने चेहरे को एयर कंडीशनर की ओर करके बैठने से बचें, जिससे आंखें सीधे एयर कंडीशनर की हवा के संपर्क में न आएं। जिस कमरे में एयरकंडीशनर हो वहां पर वेंटिलेशन की भी अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे हवा का संचार बेहतर बना रहे। आंखों में सूखापन की समस्या से बचे रहने के लिए पर्याप्त तरल पदार्थों का सेवन भी जरूर किया जाना चाहिए। कंप्यूटर या मोबाइल फोन के अधिक इस्तेमाल से भी बचा जाना चाहिए। ये भी ड्राई आइज के खतरे को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

### क्या है डॉक्टर्स की सलाह?

सुप्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डा. डीएम भावनानी बताते हैं आंखें बहुत ही संवेदनशील अंग हैं, ऐसे में इसकी देखभाल को लेकर भी विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। अगर आपको आंखों में कोई भी दिक्कत जैसे लालिमा, दर्द, जलन, चुभन कुछ समय से बनी हुई है तो खुद से किसी दवा या आई ड्रॉप का इस्तेमाल करने से बचें। बिना डॉक्टरी सलाह के किसी भी दवा के इस्तेमाल से आंखों को गंभीर क्षति होने का खतरा हो सकता है। एसी-हीटर के सीधे संपर्क में बैठने से बचा जाना चाहिए।



---

# स्कूल के बाद बढ़ गई जॉब की टेंशन, तो करें ये शॉर्ट टर्म कोर्स



12वीं बोर्ड एग्जाम के बाद से छात्रों को रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार था। अब, यूपी, बिहार, झारखंड, हरियाणा समेत कई राज्यों के रिजल्ट धीरे-धीरे जारी किए जा रहे हैं। नतीजे के बाद छात्रों के मन में अब आगे की पढ़ाई और करियर से संबंधित चिंताएं होने लगती है। ऐसे में, आप फुल डिग्री कोर्स की जगह शॉर्ट टर्म कोर्स को चुन कर भी आगे बढ़ सकते हैं।

शॉर्ट टर्म कोर्स कई तरह के होते हैं। ये 2 महीने से लेकर 2 साल तक के हो सकते हैं। अमूमन ये कोर्स फुल डिग्री की तुलना में कम खर्चीले होते हैं। इन कोर्स को करके कैंडिडेट प्राइवेट क्षेत्र में अपना अच्छा करियर बना सकते हैं। इन शॉर्ट टर्म कोर्स की खास बात यह है कि आप इसे रेगुलर कोर्स के साथ-साथ भी कर सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको इसी के बारे में विस्तार से बताते हैं।

### डिजिटल मार्केटिंग का करें कोर्स

आज के समय में डिजिटल मार्केटिंग की डिमांड बढ़ रही है। आप इस फील्ड में करियर बनाने के लिए इससे जुड़े सर्टिफिकेट या डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। हालांकि, इसके लिए फुल टाइम कोर्स में एमबीए करने का ऑप्शन भी मौजूद है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि डिजिटल मार्केटिंग कोर्स ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड में 6 महीने से लेकर 1 साल तक का कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स के बाद आप खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं या फिर किसी प्राइवेट कंपनी में अच्छी नौकरी भी कर सकते हैं।



### योगा में भी बना सकते हैं करियर

12वीं के बाद योगा इंस्ट्रक्टर बनने का ऑप्शन भी काफी अच्छा है। कई ऐसे इंस्टीट्यूट हैं जो योगा में कोर्सेज कराते हैं। यहां तक कि भारत सरकार का आयुष मंत्रालय भी योग शिक्षकों के प्रशिक्षण और प्रमाणन के लिए कई कार्यक्रम पेश करता है। इन पाठ्यक्रमों को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। ये कंप्लीट करने के बाद आपको एक सर्टिफिकेट मिलता है। इस सर्टिफिकेट को पाकर आप स्कूल में योगा टीचर के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

### 1 साल का वेब डिजाइनिंग कोर्स भी है बेस्ट

12वीं के बाद करियर को लेकर अगर मन में कई सारे सवाल आ रहे हैं, तो उन स्टूडेंट्स के लिए वेब डिजाइनिंग का सर्टिफिकेट या डिप्लोमा कोर्स भी अच्छा ऑप्शन है। इस कोर्स की अवधि कुछ महीनों से लेकर 1 साल तक की भी हो सकती है। मार्केट में वेब डिजाइनरों की मांग लगातार बढ़ रही है। डिजिटल दौर में इसकी डिमांड और आगे बढ़ सकती है। ऐसे में, आप अगर इंटरेस्टेड हैं, तो इस कोर्स का चुनाव कर सकते हैं। जानकारी के लिए बता दें, एक वेब डिजाइनर का काम वेबसाइट को यूजर फ्रेंडली बनाना होता है। यह कोर्स करने के बाद आप प्राइवेट सेक्टर में नौकरी कर सकते हैं या फिर फ्रीलांसिंग करके भी लाखों की कमाई कर सकते हैं।



---

## सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद हैं ये फूड कॉम्बिनेशन्स, एक्सपर्ट से जानें फायदे



एक कहावत है एक से भले दो,यह कहावत कुछ फूड कॉम्बिनेशन पर एकदम सटीक बैठता है। वैसे तो कुदरत के तरफ से दिए गए सभी खाद्य पदार्थ फल, फ्रूट्स सेहत को फायदा पहुंचाते हैं लेकिन इन्हीं में कुछ फूड को जब इकट्ठा जोड़कर खाते हैं तो सेहत को दोगुना फायदा पहुंचता है। आज हम इस लेख में डायटीशियन बिन्नी चौधरी द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो में बताए गए बेस्ट फूड कॉम्बिनेशन के बारे में आपको बता रहे हैं।

### सेहत के लिए बेस्ट हैं ये फूड कॉम्बिनेशन्स

पोहा खाते हैं तो आप इसमें नींबू का रस जरूर एड करें,इससे न सिर्फ स्वाद बढ़िया लगता है बल्कि इससे शरीर में आयरन बूस्ट होता है। नींबू विटामिन सी का बढ़िया स्रोत है। वहीं पोहा में आयरन की मात्रा होती है,नींबू में मौजूद विटामिन सी आपके शरीर को आयरन को अवशोषित करने में मदद करता है। ग्रीन टी में नींबू डालकर पीने से भी आपको काफी फायदा पहुंच सकता है। ग्रीन टी और नींबू दोनों में ही एंटीऑक्सीडेंट का बढ़िया स्रोत है,ऐसे आपको एंटीऑक्सीडेंट का डबल डोज मिलता है। इससे शरीर को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है। दाल और चावल का कॉम्बिनेशन्स भी आपके लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। यह संपूर्ण प्रोटीन का पावर हाउस है। दाल और चावल का क्लासिक कॉम्बिनेशन्स से आपके शरीर को सभी जरूरी अमीनो एसिड मिलता है, जिससे बॉडी के टिशू को रिपेयर करने में मदद मिलती है।

हल्दी तो सेहत को अनेको लाभ पहुंचाती है लेकिन काली मिर्च के साथ हल्दी का कॉम्बिनेशन्स जबरदस्त फायदे दे सकता है। यह करक्यूमिन अवशोषण को काफी हद तक बढ़ा देती है,जो एक शक्तिशाली सूजनरोधी यौगिक है।

दही और नट्स एक बेहतरीन कॉम्बिनेशन है, नट्स और बीजों के साथ दही एक प्रोटीन और स्वस्थ वसा का पावर हाउस है जो आपके दिमाग को तेज रखने में मदद करता है। इससे याद करने की और फोकस करने की क्षमता में सुधार होता है।

---

## कब है अक्षय तृतीया, जानिए पूजा शुभ मुहूर्त और महत्व



अक्षय तृतीया के पर्व को आखा तीज के नाम से भी जाना है। इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में भी मनाई जाती है। यह पर्व हिंदू और जैन दोनों ही धर्म के भक्तों के लिए विशेष होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया तिथि पर ही त्रेता और सतयुग का आरंभ भी हुआ था, इसलिए इसे कृतयुगादि तृतीया भी कहते हैं।

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया के पर्व का विशेष महत्व होता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार यह तिथि बहुत ही शुभ और महत्वपूर्ण मानी गई है। वैदिक पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया का पर्व हर वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। अक्षय का अर्थ होता है, जिसका कभी क्षय न हो या फिर जिसका कभी नाश न हो। इस तिथि को अबूझ मुहूर्त माना गया है, यानी इस तिथि पर किसी भी शुभ कार्य और मांगलिक कार्य को करने के लिए मुहूर्त का विचार नहीं करना पड़ता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस शुभ पर्व पर किया जाने वाले दान-पुण्य, पूजा-पाठ, जाप-तप और शुभ कर्म करने पर मिलने वाला फलों में कमी नहीं होती है। इस दिन सोने के गहने खरीदने और मां लक्ष्मी की पूजा करने का विशेष महत्व होता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया का पावन त्योहार 10 मई को है।

### अक्षय तृतीया तिथि और पूजा शुभ मुहूर्त 2024

इस वर्ष अक्षय तृतीया का पर्व शुक्रवार, 10 मई को मनाया जाएगा। वैदिक पंचांग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरुआत 10 मई को सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर होगी। वहीं इस तृतीया तिथि का समापन 11 मई 2024 को सुबह 02 बजकर 50 मिनट पर होगी। उदया तिथि के आधार पर 10 मई को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा। अक्षय तृतीया त्योहार पर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 48 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 23 मिनट तक रहेगा।

### अक्षय तृतीया का महत्व

अक्षय तृतीया के पर्व को आखा तीज के नाम से भी जाना है। इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में भी मनाई जाती है। यह पर्व हिंदू और जैन दोनों ही धर्म के भक्तों के लिए विशेष होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया तिथि पर ही त्रेता और सतयुग का आरंभ भी हुआ था, इसलिए इसे कृतयुगादि तृतीया भी कहते हैं। अक्षय तृतीया तिथि की अधिष्ठात्री देवी पार्वती हैं। इस पर्व पर स्नान, दान, जप, यज्ञ, स्वाध्याय और तर्पण आदि जो भी कर्म किए जाते हैं वे सब अक्षय हो जाते हैं। यह तिथि सम्पूर्ण पापों का नाश करने वाली और सभी सुखों को प्रदान करने वाली मानी गई है। शुभ कार्यों को संपन्न करने के लिए अक्षय तृतीया की तिथि बहुत ही खास मानी गई है।

---

**कार्नर न्यूज**

**मुश्किल से मिलती है सफलता, लापरवाही से गंवाएं न इसे**

# इन आदतों से बनते काम हो जाते हैं खराब

*जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हर व्यक्ति कठिन प्रयास करता है। हालांकि, इसके बाद भी कई बार मनचाहे परिणामों की प्राप्ति नहीं मिलती है। इसका दोष इंसान किस्मत या अपने प्रयास को ही देता है। लेकिन कई बार इंसान की आदतें ही उसकी कामयाबी में बाधा बनती हैं। इन आदतों के कारण वह लाभ के अवसर के साथ-साथ अपने मान सम्मान में भी गिरावट पाता है। इसलिए जीवन में विदुर नीति का पालन करने की सलाह दी जाती है।महात्मा विदुर महाभारत के प्रमुख पात्रों में से एक हैं। उनकी गणना महान विद्वानों में की जाती है। साथ ही वह एक महान विचारक थे। महात्मा विदुर की नीति वर्तमान में भी जीवन को आसान बनाने में मदद करती है। उनका मानना है कि व्यक्ति को कभी भी आलस नहीं करना चाहिए। आलस सफल व्यक्ति को भी असफल बना देता है क्योंकि आलस ही मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन होता है। आइए अन्य आदतों के बारे में भी जान लेते हैं।*



### क्रोध करने की आदत

क्रोध करने से व्यक्ति की एकाग्र क्षमता कम होती है क्योंकि क्रोध से दिमाग पर असर पड़ता है। महात्मा विदुर के अनुसार व्यक्ति को हर छोटी बात पर क्रोध नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से आपके बनते काम भी बिगड़ सकते हैं। इसलिए भूलकर भी क्रोध करने की आदत को अपनी जीवनशैली में शामिल न करें।

### खुद की प्रशंसा करने की आदत



बात-बात पर खुद की प्रशंसा करने वाला व्यक्ति अपने साथियों से पीछे रह जाता है। महात्मा विदुर के अनुसार अपनी प्रशंसा करना अच्छी बात नहीं है। हमेशा प्रयास करें कि आपके काम से ही आपकी प्रशंसा की जाए।

### ज्यादा बोलने की आदत

व्यक्ति की ज्यादा बोलने की आदत उसकी बातों के प्रभाव को कम करती है। कई बार ज्यादा बोलने से कुछ बातें ऐसी निकल जाती है, जिससे सामने वाले व्यक्ति के मान-सम्मान को ठेस पहुंच सकती है।

### दोस्ती में धोखेबाजी

संसार में दोस्ती का रिश्ता सबसे खूबसूरत माना जाता है। एक सच्चा दोस्त ही मुसीबत के समय ढाल बनकर खड़ा रहता है। इसलिए कभी भी दोस्ती में धोखेबाजी नहीं करनी चाहिए। विदुर नीति के अनुसार दोस्ती में धोखेबाजी करने वाला इंसान अपने सारे रास्ते खुद बंद करता है।

### इस बात का रखें ध्यान

विदुर नीति के अनुसार व्यक्ति को हमेशा अपने व्यवहार में मधुरता बनाए रखनी चाहिए। साथ ही हर परिस्थिति में विनम्रता से पेश आना चाहिए। ऐसा करने से आपकी समाज में प्रशंसा होती है और आपकी बातों का प्रभाव भी बना रहता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्वास्थ्य समस्याओं के बीच कोर्ट में पेश होंगे हार्वे विंस्टीन



कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बावजूद, हॉलीवुड के मशहूर निर्माता हार्वे विंस्टीन के आज न्यूयॉर्क शहर में अदालत की सुनवाई में शामिल होने की उम्मीद है। अदालत में उन्हें साल 2018 के बलात्कार मामले में फिर से आरोप का सामना करना पड़ेगा। कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बावजूद, हॉलीवुड के मशहूर निर्माता हार्वे विंस्टीन के आज न्यूयॉर्क शहर में अदालत की सुनवाई में शामिल होने की उम्मीद है। अदालत में उन्हें साल 2018 के बलात्कार मामले में फिर से आरोप का सामना करना पड़ेगा। विंस्टीन के प्रवक्ता जूडा एंगेलमेयर ने एक मीडिया बातचीत में इसकी पुष्टि की। साथ ही बताया कि चिकित्सीय स्थितियों के बावजूद विंस्टीन अदालत में उपस्थित होने का इरादा रखते हैं। विंस्टीन मधुमेह, हृदय संबंधी समस्याओं और स्लीप एपनिया जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं। हाल ही में स्वास्थ्य जटिलताओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, उनके प्रतिनिधियों ने डेडलाइन द्वारा प्राप्त एक बयान में आश्वासन दिया कि उनकी चिकित्सा स्थितियों का प्रबंधन किया जा रहा है और वह बेलेव्यू अस्पताल के डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उनके स्वास्थ्य के बारे में चिंताओं के बावजूद, विंस्टीन के वकीलों ने सुनवाई में भाग लेने की उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। न्यूयॉर्क अपील कोर्ट ने एक नए मुकदमे का आदेश दिया, जिसकी सुनवाई आज से शुरू हो जाएगी। नए मुकदमे में पिछले फैसले को रद्द कर दिया गया है और आपराधिक न्याय प्रक्रिया को फिर से शुरू किया जाएगा।

### टालीवुड

## विवादों में फंसी रजनीकांत की 'कुली', फिल्म के संगीत को लेकर इलैयाराजा ने भेजा कानूनी नोट



रजनीकांत की फिल्म 'कुली' विवादों में घिरती नजर आ रही है। हाल में ही फिल्म का टीजर जारी किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा ने मेकर्स को लीगल नोटिस भेजा है। साउथ फिल्मों के दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा को उनके संगीत के लिए काफी पसंद किया जाता है। उन्होंने कई बेहतरीन गाने में अपना संगीत दिया है। फिलहाल मीडिया में उनसे जुड़ी एक खबर काफी तेजी से फैल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होनें सन पिक्चर्स को कानूनी नोटिस भेजा है। ये नोटिस आगामी फिल्म 'कुली' में उनके संगीत को बिना अनुमति उपयोग किए जाने को लेकर भेजा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो देश के दिग्गज संगीतकार ने सन पिक्चर्स को बिना अनुमति उनके संगीत का उपयोग करने पर लीगल नोटिस जारी किया है। प्रोडक्शन कंपनी सन पिक्चर्स की आगामी फिल्म 'कुली' का हाल में ही टीजर जारी किया गया था। सुपरस्टार रजनीकांत की इस फिल्म को मशहूर निर्देशक लोकेश कनकराज निर्देशित कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक इस फिल्म के टीजर में इलैयाराजा के संगीत का उपयोग किया गया है, जिसको लेकर उन्होंने मेकर्स को कानूनी नोटिस भेजा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इलैयाराजा ने सन पिक्चर्स को कानूनी नोटिस जारी करते हुए दो विकल्प दिए हैं। मेकर्स को या तो उनका संगीत टीजर से हटाना होगा या फिर उनसे इसकी अनुमति लेनी होगी। इस टीजर में उनके गीत वा वा पक्कम वा के संगीत का उपयोग किया गया है। इस पर दिग्गज संगीतकार की तरफ से इस संगीत को हटाने या उनसे अनुमति लेने को कहा गया है।

### भोजपुरी

## खेसारी की 'डंस' मचाएगी धूम, शूटिंग हुई पूरी



खेसारी लाल यादव की नई फिल्म 'डंस' की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसमें नागिन एक्ट्रेस आहना शर्मा ने खेसारी के साथ एक डांसिंग नंबर का तड़का लगाया है। दोनों का एक पार्टी सॉन्ग फिल्म में रखा गया है-

भोजपुरी फिल्मों के ट्रेंडिंग स्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म 'डंस' की शूटिंग अब खत्म हो गई है । पिछले लगभग 42 दिनों तक इस फ़ल्मि की शूटिंग मुम्बई और उत्तरप्रदेश के कई लोकेशनों पर की गई। अब फाइनली फ़ल्मि की शूटिंग समाप्त हो गई और फ़ल्मि अब पोस्ट प्रोडक्शन की ओर चली गई है। फ़ल्मि शूटिंग के आखिरी शेड्यूल में इस फ़ल्मि में एक बेहद खूबसूरत पब सॉन्ग (पार्टी सॉन्ग) को शूट किया गया। यह गाना उम्मीद से बेहतर बनकर निकला है और उससे भी बढ़कर इस गाने का फिल्मांकन हुआ है। इस पब सॉन्ग में टेलीविजन के दुनिया की मशहूर नागिन आहना शर्मा ने अपने अदाओं की बिजली से खेसारी लाल यादव को घायल किया है। गाने में बेहद रोमांटिक और इरॉटिक फील देने में आहना शर्मा ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है।

## लाइफ स्टाइल



लंदन की हरियाली

एक दौर में लंदन को फैशन वीक की एक महीने तक चलने वाली मैराथन के दौरान छूटने वाला शहर माना जाता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। लंदन फैशन वीक को अब मिलान, पेरिस और न्यूयॉर्क से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद दर्शकों को इसका हर सीजन में इंतजार रहता है। समर सीजन में लंदन फैशन वीक ने हरे रंग को प्राथमिकता दी है। कुछ माडल अपनी तैयारी में नजर आ रहे हैं।

## इन गलतियों की वजह से गर्मियों में झड़ने लगते हैं बाल



गर्मी के मौसम में लोग अपनी त्वचा और बालों का काफी ध्यान रखते हैं। त्वचा का ध्यान रखने के लिए लोग तरह-तरह के ऐसे स्किन केयर ट्रीटमेंट कराते हैं, जो त्वचा के लिए काफी लाभदायक होती हैं। त्वचा का ध्यान रखते-रखते कई बार लोग अपने बालों का ध्यान रखना भूल जाते हैं, जिसकी वजह से बाल झड़ने लगते हैं।

अगर आप चाहते हैं कि आपके बाल झड़े नहीं तो आपको अपने बालों का खास ध्यान रखने की जरूरत है। इसके लिए बहुत से लोग तो स्पा जाकर हेयर केयर ट्रीटमेंट कराते हैं। बहुत से लोग जो स्पा नहीं जा पाते वो घरेलू नुस्खे अपनाते हैं।

वैसे बाल झड़ने की समस्या ज्यादातर सर्दी या बरसात के मौसम में होती है, लेकिन अगर गर्मी के इस मौसम में भी आपके बाल झड़ रहे हैं तो मतलब साफ है कि इसके पीछे की वजह आपकी ही लापरवाही है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी गलतियों के बारे में बताएंगे, जो जाने-अनजाने में लोग कर जाते हैं। इन गलतियों की वजह से ही गर्मी के मौसम में बाल झड़ते हैं। गर्मी के मौसम में समय-समय पर बाल धोना काफी जरूरी होता है। अगर आप अपने बालों की सफाई सही से नहीं करेंगे तो बाल काफी ज्यादा मात्रा में झड़ने लगते हैं। गंदगी रहने की वजह से बाल काफी कमजोर हो जाते हैं, जो हेयर फॉल के साथ कई अन्य परेशानियों को जन्म देते हैं।

बहुत सी महिलाएं गर्मी से बचने के लिए बालों की टाइट चोटी बना लेती हैं। ऐसे में भले ही उन्हें आराम मिलता है, लेकिन टाइट चोटी से बालों में काफी पसीना आता है, जिससे बाल कमजोर होते हैं। ऐसे में अपने बालों में टाइट चोटी न बनाएं। उसकी जगह या तो बाल खुले रखें या फिर बालों में हल्की ढीली चोटी बनाएं। बहुत से लोग गर्मी के मौसम में भी डैंड्रफ यानी कि रूसी की समस्या से परेशान रहते हैं। ये सिर्फ बालों में पसीना आने की वजह से होती है। ऐसे में जब रूसी बालों में हो जाती है तो बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं। घर से बाहर निकलते वक्त हमेशा बालों में कुछ बांधे जरूर।

## गुलाब की पंखुड़ियों की मदद से करें पेडीक्योर



चेहरे के साथ-साथ पैरों की सुन्दरता भी जरूरी हैं और इनकी सुन्दरता बनी रही इसके लिए महिलाएं पार्लर जाकर पेडीक्योर करवाती हैं। पेडीक्योर करने से जहां पैरों की त्वचा चमक जाती हैं तो वहीं पैर पर जमा कालापन और डेड स्किन भी निकल जाती हैं। पार्लर में जाकर पेडीक्योर करवाने से इसमें काफी खर्च भी होता है लेकिन अब आप गुलाब की पंखुड़ियां की मदद से घर में पेडीक्योर कर सकती हैं।

**पेडीक्योर करने के लिए गुलाब की पंखुड़ियां का करें इस्तेमाल:** गुलाब और गुलाब जल में कई सारे गुण होते हैं और ये सभी गुण चेहरे की सुन्दरता बनाए रखने के लिए उपयोगी हैं। गुलाबकी पंखुड़ियों में एंटीबैक्टीरियल, एंटीसेप्टिक समेत कई सारे गुण होते और ये सभी गुण त्वचा से जुड़ी समस्या को कम करने में मदद करते हैं। वहीं पैरों की सुन्दरता बनाए रखने के लिए गुलाब का इस्तेमाल किया जा सकता हैं। गुलाब की पंखुड़ियां से पेडीक्योर करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।इससे जहां आपके पैरों स्किन से जुड़ी समस्या कम होगी तो वहीं आपके पैरों सुन्दर और कोमल भी होंगे।

**इस तरह करें गुलाब की पंखुड़ियां से पेडीक्योर:** एक टब या बाल्टी में हल्का गर्म पानी ले,इस पानी में गुलाब की पंखुड़ियां और कच्चा दूध डालें। इन चीजों को मिक्स अच्छे से मिक्स कर लें। इस मिश्रण में पैरों को डालकर 10 मिनट डूबा लें। इसके बाद पैरों को स्क्रब करें। स्क्रब करने के बाद पैरों को तौलिए से साफ करें। इसके बाद फुट स्क्रब का इस्तेमाल करें। पैरों को दोबारा टब में डालकर साफ करें। पैरों में मॉइश्चराइजर लगाएं। इस उपाय को हफ्ते में 2 दिन करें। वहीं पैरों को स्वस्थ रखने के लिए आप पैरों को स्क्रब जरूर करें। महिलाएं हफ्ते में 2 दिन पैरों को अच्छी तरह से स्क्रब करें।

## झुलसाती गर्मी में भी कायम रखना है जलवा तो जान लें जरूरी टिप्स

फैशन



मई के महीने की शुरुआत के साथ गर्मियों ने भी अपना सितम दिखाना शुरू कर दिया है। इस मौसम की तेज झुलसती धूप की वजह से लोगों को काफी परेशानी होने लगी है। तेज धूप का सीधा असर त्वचा के साथ-साथ स्वास्थय पर भी पड़ता है। अगर इस मौसम में शरीर का ध्यान न रखा जाए तो कई तरह की परेशानियां सामने आने लगती हैं। ऐसे में गर्मी में लोग अपने पहनावे तक में बदलाव कर देते हैं। लड़कियों के पास तो गर्मी के लिए भी कई तरह के विकल्प होते हैं, लेकिन ज्यादातर लड़कों को ये समझ नहीं आता कि वो इस मौसम में कैसे कपड़े पहनें, जो आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी हों। अगर आप भी उन लोगों में से हैं, जिनके लिए आराम के साथ स्टाइल भी जरूरी होता है तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे अभिनेताओं के लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जो गर्मियों के लिए परफेक्ट हैं।



**शाहिद कपूर:** अगर फॉर्मल लुक में कूल दिखना चाहते हैं तो आप शाहिद कपूर के इस लुक से टिप्स ले सकते हैं। ऐसी स्ट्राइप वाली शर्ट और पैंट आपके लुक को स्टाइलिश दिखने में मदद करेगी। इसके साथ आंखों पर चश्मा जरूर लगाएं।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा:** अगर आप पतले-दुबले हैं तो गर्मी में सिद्धार्थ मल्होत्रा के इस लुक से टिप्स लेकर तैयार हो सकते हैं। पतले लोग अगर लेयरिंग करके कपड़े कैरी करते हैं तो वो थोड़ा हेल्दी लगते हैं। ऐसे में आप स्लीवलेस टीशर्ट के साथ ऐसी फुल स्लीव की शर्ट कैरी कर सकते हैं।

**अर्जुन कपूर:** अगर सिंपल कपड़े पहनना पसंद है तो आप ब्लैक जींस के साथ इस तरह की टीशर्ट कैरी कर सकते हैं। जिम जाने वाले लड़कों के लिए ये लुक सबसे सही माना जाता है। इस लुक में उनकी बॉडी भी दिखाई देती है।

**वरुण धवन:** अगर कहीं घूमने जा रहे हैं तो आप इस तरह की शर्ट और शॉर्ट्स खरीद सकते हैं। वरुण धवन का ये लुक आपको कूल दिखने में मदद करेगा। ये बीच पर जाने के लिए परफेक्ट आउटफिट है।

**विक्की कौशल:** अगर आपको कुर्ता पहनने का शौक है तो गर्मी के मौसम में विक्की के जैसा हल्के रंग का कुर्ता आपको स्टाइलिश दिखने में मदद करेगा। इसके साथ जींस की जगह व्हाइट पैंट या फिर पायजामा ही पहनें।

**रणवीर सिंह:** रणवीर सिंह अपने स्टाइल की वजह से वैसे भी हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। ऐसे में आप चाहें तो समर लुक के लिए उनसे टिप्स ले सकते हैं।

## दिखना है खूबसूरत तो फाउंडेशन लगाते समय रखें इन बातों का ध्यान



बदलते समय के साथ-साथ मेकअप महिलाओं की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। ये सिर्फ खूबसूरत दिखने का सामान नहीं, बल्कि ये एक आर्ट है। देखने वाले तो खूबसूरत मेकअप देखकर बस तारीफ करके चले जाते हैं पर, असल में इसे करने में काफी मेहनत लगती है।

खासकर जब कोई महिला मेकअप करने बैठती है तो उसके लिए सही तरह का फाउंडेशन का इस्तेमाल करना और सही से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। अगर आपका फाउंडेशन सही नहीं लगा है तो आपका बाकी का पूरा मेकअप खराब हो सकता है। खासकर दिक्कत उन महिलाओं के सामने आती है जो हमेशा नेचुरल मेकअप पर भरोसा करती हैं।

**सबसे पहले जरूरी है सही फाउंडेशन का चुनाव:** अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल करने का सोच रही हैं तो सबसे पहले सही फाउंडेशन का होना बेहद जरूरी है। अगर ये आपकी स्किन टोन और टाइप के हिसाब का नहीं होगा तो हो सकता है कि इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा एक शेड डार्क या फिर एकदम सफेद दिखने लगे।

**सही से करें ब्लेंड:** अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल सही तरीके से करेंगी तो आपका लुक एकदम नेचुरल आएगा। क्या आप जानती हैं कि फाउंडेशन को लगाने से पहले सही से ब्लेंड करना चाहिए। ये जितना अच्छे से ब्लेंड होगा, उतना ही इसका लुक निखर कर आएगा।

**कंसीलर इस्तेमाल करते वक्त रखें ये ध्यान:** अगर आपके चेहरे पर पिंपल्स या अन्य दाग-धब्बे हैं तो कंसीलर का इस्तेमाल स्वाभाविक है। ऐसे में इसका इस्तेमाल फाउंडेशन के बाद ही करें वरना कंसीलर की वजह से फाउंडेशन का शेड खराब हो सकता है।

## कार्नर न्यूज

### सूट को स्टाइलिश लुक देने बॉडी टाइप के अनुसार ही डिजाइन को चुनें

## गर्मी में इजी-ब्रीजी लुक देने का काम करेंगे फ्लोरल डिजाइंस के सलवार-कमीज

*रोजाना ऑफिस जाने सूट के डिजाइंस में आपको कई तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी। डिजाइन और फैब्रिक के लिए मौसम को समझना भी काफी जरूरी होता है। वहीं गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में इजी-ब्रीजी लुक के लिए फ्लोरल स्टाइल के सलवार-सूट डिजाइंस को पहन सकते हैं। तो आइये देखते हैं फ्लोरल डिजाइन वाले सलवार-सूट के खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन सलवार-सूट को स्टाइल करने के आसान टिप्स-*



### फ्रॉक स्टाइल सूट डिजाइन

फ्लोरल में आजकल फ्रॉक स्टाइलसलवार-सूटको काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इस तरह के लुक में आप स्लीव्स और फ्रॉक के घेरे के लिए कढ़ाई वर्क या लेस वर्क में फ्लोरल डिजाइन करवा सकते हैं। इस तरह में आपको फैंसी स्टाइल में सिल्क सूट में काफी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। इस तरह के सूट के साथ में आप धोती स्टाइल सलवार को स्टाइल करें।

### हैवी नेकलाइन डिजाइन सूट

सूट के नेकलाइन के लिए आप हैवी वर्क वाले डिजाइन को चुन सकती हैं। इसमें आप इस तरह के पैच वर्क की मदद लेकर कढ़ाई वर्क नेकलाइन पर करवा सकती हैं। इस तरह का डिजाइन देखने में सोबर और डेली वियर में आसानी से कैरी किया जा सकता है।

### कलीदार सलवार सूट

फैंसी डिजाइन के सलवार-सूट में आपको कई वेरायटी देखने को मिल जाएगी। इसमें आजकल कलीदार या अनारकली डिजाइन के सूट में कई तरह का वर्क देखने को मिल जाएगा। इस तरह के सूट आपको रेडीमेड या फैब्रिक लगभग 1,500 रुपये में मिल जाएंगे। गर्मी के मौसम के लिए प्रिंटेड पैटर्न के सूट कैरी करने में काफी लाइट होते हैं।